# रिम्स में ओपीडी के मरीजों की 31 से शुरू होगी डायलिसिस

## स्वास्थ्य मंत्री करेंगे डायलिसिस यूनिट, लाइब्रेरी, कुपोषण सेंटर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में 31 अक्टूबर से ओपीडी के मरीजों के लिए डायलिसिस सेवा शुरू की जायेगी। पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस यूनिट, लाइब्रेरी और अपरेफरल कुपोषण उपचार केंद्र का स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता अधिकारिक उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर, ट्रामा और रेडियोलॉजी सेंटर के बाहर मरीजों और उनके परिजनों के लिए बने विश्राम केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे। रिम्स में नेफ्रोप्लस की ओर से संचालित केंद्र डायलिसिस केंद्र की शुरूआत 17 अक्टूबर को ही कर दी गई है। अब 31 से ओपीडी बेसिस पर मरीजों की डायलिसिस शुरू हो जाएगी।

रिम्स के निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने बताया कि 25 बेड की इस व्यवस्था के अलावा पहले से संचालित 10 बेड पुरानी डायलिसिस यूनिट चलती रहेगी। यहां कार्डधारी, आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के मरीजों को निःशुल्क सुविधा मिलेगी। वहीं सामान्य मरीजों की डायलिसिस 1341 रुपए में की जाएगी।

**अपरेफरल कुपोषण केंद्र में कुपोषित बच्चों का होगा इलाज**

रिम्स के ट्रामा सेंटर के पहले तल्ले में अपरेफरल कुपोषण उपचार केंद्र की स्थापना की गई है। यहां विभिन्न कुपोषण ट्रीटमेंट सेंटर से वैसे बच्चों को रेफर किया जाएगा, जिन्हें विशेष देखभाल और इलाज की जरूरत होगी। उनका इलाज यहां रखकर किया जाएगा। इस केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ आशा किरण होंगी। पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी की देखरेख में इस केंद्र का संचालन किया जाएगा। यहां कुपोषित बच्चों को डाइट के तहत भोजन भी दिया जाएगा।

**लाइब्रेरी में 501 लोगों की सीटिंग क्षमता, 92278 किताबें :** एकेडमिक ब्लॉक के चारों ब्लॉक में लाइब्रेरी बनाई गई है। इसका भी 31 अक्टूबर को औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। इस लाइब्रेरी में रिम्स के 501 छात्र एक साथ बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। इसके अलावा 81 कंप्यूटर भी इंटरनेट के साथ लगाए जा रहे हैं।

**येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर का भी होगा उद्घाटन :** रिम्स में येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर का भी उद्घाटन किया जाएगा। इससे पहले ट्रायल के तौर पर अब तक 12 लोगों को वैक्सीन दिया जा चुका है। कई देशों का दौरा करने वाले यात्रियों को येलो फीवर वैक्सीनेशन लेना अनिवार्य होता है।

## डीसी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक में चुनाव संबंधी तैयारी की जानकारी दी

# योग्य और नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य जारी : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रांची समाहरणालय सभागार में राजनीति दल (मान्यता प्राप्त) के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 से संबंधित बैठक की। इसमें सभी दलों के राजनीति दल (मान्यता प्राप्त) के प्रतिनिधि एवं संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक में मौजूद मान्यता प्राप्त के राजनीति दल प्रतिनिधियों को चुनाव से संबंधित कई जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव संबंधित सारे कार्य चल रहे हैं। कई जगह विशेष अभियान चला कर योग्य मतदाताओं एवं नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य चल रहा है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है एवं उनका सत्यापन, मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरण मतदाता आदि की पहचान की जा रही है।

### राजनीति दल के प्रतिनिधियों के सुझाव

बैठक में आए राजनीति दल के प्रतिनिधियों ने डीसी को सुझाव दिये। इन सुझावों पर डीसी ने राजनीति दल के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी के दिए गए सुझावों पर अमल होगा। उनसे बूथ एजेंट बनाने का भी अनुरोध उपायुक्त द्वारा किया गया। डीसी ने तमाम राजनीति दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव सम्बंधी पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि वे भी नए मतदाता को जोड़ने में अपनी साझेदारी निभाएं एवं जहां मतदान का प्रतिशत काफी कम है, वहां जागरूकता चला कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान दें।

# रिम्स को 33 नये सीनियर रेसिडेंट मिले, 100 पदों पर होनी है नियुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स के 21 विभागों के लिए कुल 33 चिकित्सकों का चयन किया गया है। बता दें कि रिम्स में 100 पदों पर सीनियर रेसिडेंट की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। साक्षात्कार के आधार पर 21 विभागों के लिए कुल 33 चिकित्सकों का चयन किया गया है। रिम्स निदेशक ने चयनित चिकित्सकों को निर्देश दिया है कि एनओसी, जातीय और आवासीय प्रमाण पत्र जमा करने के बाद जॉइनिंग कर लें।

**67 पद रह गए खाली :** रिम्स में 100 पदों पर सीनियर रेसिडेंट की नियुक्ति होनी थी, लेकिन हर बार की भांति इस बार भी रिम्स को आवेदक डॉक्टर नहीं मिले। सीनियर डॉक्टरों का कहना है कि अब चिकित्सक बड़े शहरों में जाकर बेहतर करियर विकल्प तलाशने लगे हैं। कुछ निजी अस्पतालों में बड़े पैकेज पर काम कर रहे हैं। इन्हीं वजहों से कई मेडिकल कॉलेजों में सीट के विरूद्ध आवेदक नहीं पहुंच रहे हैं। रिम्स में मरीजों की तुलना में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए डॉक्टरों की नियुक्ति एसआर के तौर पर की जा रही थी लेकिन 100 के मुकाबले 67 पद खाली रह गये। सभी पदों पर चिकित्सक मिलने से मरीजों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

**इन विभागों में इनका हुआ चयन**

- **एनेस्थीसिया :** डॉ वशिष्ठ राज, डॉ रिया सोनम
- **ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजी:** डॉ अनामिका नेहा लिंडा, डॉ नाहिद खानम
- **ईएनटी:** डॉ अमरजीत कुमार
- **आई:** डॉ दीपांकर
- **रेडियोलोजी:** डॉ असीम मित्रा, डॉ अनुज
- **टीबी एंड चेस्ट:** डॉ अंकिता
- **कार्डियोलॉजी:** डॉ शिव शंकर मुंडा
- **रेडियोथैरेपी:** डॉ पम्मी श्रीवास्तव
- **यूरोलॉजी:** डॉ अमित कुमार
- **इमरजेंसी मेडिसिन(ट्रॉमा):** डॉ सुजीत आनंद, डॉ विकास मार्डी
- **क्रिटिकल केयर(सुपर स्पेशलिटी):** डॉ अनिता कुमारी
- **एनेस्थीसिया(सुपर स्पेशलिटी):** डॉ चंदन हेस्सा, डॉ सृष्टि किंडो, डॉ प्रभा रश्मि लकड़ा
- **मेडिसिन:** डॉ अंकित अभिषेक, डॉ उज्जवल दीप, डॉ पुतुल बाड़ा
- **सर्जरी:** डॉ अनमोल कुजूर
- **ऑर्थोपेडिक:** डॉ विजय प्रसाद, डॉ रोहिणी कुमार, डॉ विष्णु ए. एस
- पीडियाट्रिक सर्जरी: डॉ अभिजित कुमार
- **फिजियोलॉजी:** डॉ अंकुर उरांव
- **पैथोलॉजी:** डॉ अदिति प्रिया
- **माइक्रोबायोलॉजी:** डॉ भुवन शोम
- **एफएमटी:** डॉ अंकुर चक्रवर्ती, डॉ रोहण कुमार, डॉ अजय कुमार भगत
- **पीएसएम:** डॉ साहिल नयन रजनीश

# स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता में हरमू स्थित पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति को मिला प्रथम स्थान

**एजेंसी (हि.स.)**



**रांची।** रांची नगर निगम की स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता में हरमू स्थित पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति को प्रथम स्थान मिला है जबकि द्वितीय स्थान पर जोड़ा तालाब स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति और तृतीय स्थान पर गोंदा स्थित सीएमपीडीआई श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रही। निगम की ओर से शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार आम जन जीवन में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा के मद्देनजर बनाये जाने वाले पूजा पंडालों के लिए स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का अयोजन कराया गया था। स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर कुल 200 अंक निर्धारित किये गये थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले पूजा पंडाल को 25 हजार, द्वितीय के लिए 15 हजार तथा तृतीय लिये दस हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि दिया जाना है। विजेताओं को सम्मानित करने के लिए जल्द ही तिथि की घोषणा की जायेगी।

# आइजी मुख्यालय की समीक्षा बैठक 30 को

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में आइजी मुख्यालय मनोज कौशिक 30 अक्टूबर को समीक्षा बैठक करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईजी मुख्यालय सभी जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ बैठक करेंगे। इस संबंध में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय पीजी पोर्टल में कुल 807 शिकायत लंबित पायी गयी है। इसमें सभी एसएसपी और एसपी को शामिल होने के लिए कहा गया है। लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने के लिए यह समीक्षा बैठक बुलायी गयी है।

# अबुआ आवास योजना के लिए तैयार किया जा रहा वेब पोर्टल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आठ लाख लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने के लिए ग्रामीण विकास विभाग एक पोर्टल तैयार कर रहा है। जैप आइटी के सहयोग से पोर्टल को विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। पोर्टल के जरिए अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन, निगरानी, अनुश्रवण एवं प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग इस योजना के अंतर्गत अगामी तीन वर्षों में सारे लाभुकों को चिह्नित कर आवास बनाकर देने का लक्ष्य रखा है। इस वित्त वर्ष में भी दो लाख आवास 31 मार्च 2024 तक स्वीकृत किये जायेंगे। करीब 4106.67 करोड़ रुपये खर्च आयेगा। अगामी वित्त वर्ष 2024-25 में 3,50,000 इकाई आवास निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी, जिसमें 7106.67 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। वहीं, 2025-26 में 2,50,000 इकाई आवास स्वीकृत होंगे जिसमें 5106.96 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। अगामी तीन वर्षों में 16 हजार करोड़ से अधिक खर्च होंगे। प्रयास है कि पोर्टल को जल्द विकसित कर जिलों से इसी के जरिये आवेदन मंगा कर आवास निर्माण योजना की मंजूरी प्रदान की जाये।

# भ्रष्टाचार पर बात करना भाजपा अध्यक्ष को शोभा नहीं देता: राजद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजद के प्रदेश महासचिव मनोज पांडेय ने कहा है कि झारखंड की राजधानी रांची में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भ्रष्टाचार पर भाषण देने से पहले अपने नेताओं के द्वारा राज्य में किये गये भ्रष्टाचार के बारे सोचना चाहिए था। श्री नड्डा शायद भूल गये हैं कि भाजपा के शासनकाल में इसी प्रदेश में कंबल घोटाला, डोभा घोटाला और खाद घोटाला हुआ था। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा समापन समारोह पूरी तरह असफल रहा है।

मनोज पांडे ने कहा कि रघुवर दास की सरकार में कई मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा और इसकी जांच भी कराई जा रही है। इसी राज्य में हाथी उड़ाकर अरबों रूपया का घोटाला किया गया। जांच हो जाए तो भाजपा की चाल और चरित्र देश और दुनिया के सामने आ जाएगी। भाजपा के मुंह से महिला सशक्तिकरण की बात करना अप्रिय है। सब्सिडी में दी जाने वाली एलपीजी गैस गरीबों से दूर हो चला है। भाजपा सरकार का एकमात्र मकसद राष्ट्रीय संपत्ति को बेचना भर रह गया है। जनता महंगाई एवं बेरोजगारी से परेशान है लेकिन केंद्र भाजपा सरकार को इससे मतलब नहीं है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के चाल-चरित्र को देश की जनता समझ चुकी है। अगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता बीजेपी को सबक सिखाएगी।

# भाजपा के नेताओं को हेमंत फोबिया, सपने में भी दिखायी पड़ते हैं हेमंत सोरेन : झामुमो

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आरोपों पर दी कड़ी प्रतिक्रिया**

**एजेंसी (हि.स.)**




**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आरोपों पर शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेताओं को सपने में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिखाई पड़ते हैं। सच्चाई यह है कि भाजपा के नेताओं को हेमंत फोबिया हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने इन्हें पूरा सबक सिखाया था। आगामी चुनावों में तो इनका झारखंड से तो पूरी तरह सफाया ही हो जाएगा। विनोद पांडेय ने कहा कि इसी बौखलाहट और घबराहट में भाजपा के नेता हमेशा अनर्गल आरोप लगाते चलते हैं। इन्हें झारखंड की चौहद्दी और संस्कृति तक की जानकारी नहीं है। झारखंडियों ने अंग्रेजों को भी मार भगाया था। विनोद पांडेय ने कहा कि जिन आरोपों को नड्डा दोहरा रहे हैं, उसकी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने एसआईटी से जांच तक कराई थी। झूठ को सौ बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस इसी थ्योरी पर काम करती है। इन्हें पच नहीं रहा है कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, जो दिन-रात झारखंड और झारखंडियों के लिए काम कर रहा है। भाजपा ने तो अपने दल के आदिवासी नेताओं को भगाकर कर एक बाहरी छत्तीसगढ़िया को सीएम बनाकर सत्ता चलाया। झारखंड देश में निचले पायदान पर चला गया।

झामुमो नेता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस को असली चिढ़ आदिवासी से है। वे उन्हें जंगली और वनवासी कहते हैं। भाजपा के नेताओं को आदिवासी अपने गांवों में घुसने नहीं देते। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में मिट्टी लेने गए थे तो मुंडाओं ने इन्हें वहां से खदेड़ दिया। भाजपा के नेताओं को अपने भीतर झांककर देखना चाहिए। हमें अलग झारखंड राज्य भीख या सौगात में नहीं मिली है। झारखंड के लिए आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लंबा संघर्ष किया। उसी का परिणाम झारखंड है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से हेमंत सोरेन को रोकना चाहती है, लेकिन उनका मंसूबा कभी सफल होने वाला नहीं है। हेमंत सोरेन गीदड़ भभकी से नहीं डरते।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**रांची।** एनीमिया मुक्त भारत को लेकर सदर अस्पताल में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की सिरप सप्ताह में बुधवार और शनिवार को दिया जाना है। पांच से 9 वर्ष के बच्चों को गुलाबी गोली प्रत्येक सप्ताह में एक गोली देनी है। वहीं 10 से 19 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए की नीली गोली सप्ताह में एक बार दिया जाना है। सीएस ने कहा कि आईएफए की गोली से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। हीमोग्लोबिन बढ़ता है। जन्मजात विकार की रोकथाम में भी सहायक है। कार्यशाला में डीआरसीएचओ डॉ असीम मांझी, कार्यक्रम समन्वयक प्रीति चौधरी, एविडेंस एक्शन से नीरज कुमार एवं एसटीटी तथा ग्रामीण बिटीटी थे।

# नवंबर के पहले सप्ताह छाये रहेंगे बादल बारिश के कोई आसार नहीं, बढ़ेगी ठंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में आने वाले कुछ दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना है। सुबह और शाम में लोगों को कोहरा और ठंड का सामना करना पड़ेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों के दौरान आसमान साफ रहेगा जबकि नवंबर के शुरूआती दिनों में कुछ जिलों में बादल छाये रह सकते हैं लेकिन इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बादल छाये रहने से ठंड बढ़ेगी। हालांकि कुछ हिस्सों में दिन में धूप भी निकलेगी। जिससे मौसम शुष्क रहेगा। तापमान की बात करें तो आने वाले पांच दिनों में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन दो नवंबर के बाद से तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी।

## साईं नाथ यूनिवर्सिटी में 'महिलाओं पर हिंसा, पुलिस की पहुंच और समस्याएं' विषयक सेमिनार

# सामाजिक समस्या है महिलाओं पर हिंसा : डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**महिलाओं पर हिंसा उनके मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन**




**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय में शनिवार को 'महिलाओं पर हिंसा, पुलिस की पहुंच और समस्याएं' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा महिलाओं पर हिंसा उनके मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन है और उन्हें उनकी पूरी क्षमता हासिल करने से रोकती है। महिलाओं पर हिंसा एक सामाजिक समस्या है। इसमें पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण है। आज देश में महिलाएं और लड़कियां व्यापक और विविध प्रकार की हिंसा से पीड़ित होती हैं। यह घर में, सड़कों पर, स्कूलों में, कॉलेजों में, कार्यस्थल पर घरेलू और यौन हिंसा के रूपों में प्रकट होता है। यह हिंसा दुनिया भर में महिलाओं और लड़कियों को सम्मान से जीने से रोकती है। यह महिलाओं की उन्नति में सबसे प्रबल बाधाओं में से एक है एवं देश की प्रगति और समृद्धि को गंभीर रूप से खतरे में डालता है। पुलिस को महिलाओं पर होने वाली हिंसा की शिकायतों को स्वीकार करना और एफआईआर दर्ज कर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा प्रदान करना हमारा प्रमुख उदेश्य है। साथ ही त्वरित कार्रवाई, सहायता और सुरक्षा, उचित दिशा-निर्देश के अलावा समाज में सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि महिला सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तीकरण के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा पुरूषों और महिलाओं के बीच ऐतिहासिक रूप से असमान शक्ति संबंधों की अभिव्यक्ति है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा एक महामारी जैसी समस्या है। ऐसा देखा गया है कि महिला हिंसा की कई शिकायतें विभिन्न कारणों से दर्ज नहीं हो पाती। यह भी देखा जाता है कि कई महिला पीड़ित पुरूष पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी स्थिति व्यक्त करने के लिए पारिवारिक या सामाजिक भय के कारण शिकायते दर्ज नहीं कराती हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस व्यवस्था की संरचना, महिला थाने की स्थापना, उनकी कार्यप्रणाली, दक्षता, प्रभावशीलता, पुलिस प्रशासन में महिला प्रतिनिधित्व की भूमिका काफी महत्वूपर्ण है।

इससे पूर्व विवि के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने कहा कि सेमिनार का मुख्य उदेश्य भारत में महिलाओं पर होने वाली हिंसा को समझना और पुलिस की पहुंच और समस्याओं पर प्रकाश डालना है। महिलाओं को हिंसा के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने एवं समाज में महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। महिलाओं पर हिंसा के कई प्रकार है। इनमें घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, दहेज हत्या, अपहरण और छेड़छाड़ शामिल है। महिलाओं पर हिंसाः पुलिस की पहुंच और समस्याएं एक ऐसा विषय है जिस पर अधिक चर्चा की आवश्यकता है। इससे महिलाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने और उनका मुकाबला करने के लिए अधिक प्रभावी तरीके विकसित करने में मदद मिलेगी। इससे पूर्व अतिथियों के सम्मान में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रवेश द्वार से झारखंड़ी संस्कृति एवं पारंपरिक वेश-भूषा, ढोल, नगाड़ें के साथ झारखण्डी नृत्य कर भव्य स्वागत किया एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

# मुख्यमंत्री ने पत्रकार के निधन पर जताया शोक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कौमी तंजीम अखबार के स्थानीय संपादक एएच रिजवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को उन्होंने हमेशा मजबूत करने का काम किया। पत्रकारिता में उनके योगदान को कभी भूला नहीं सकते। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने भी एएच रिजवी के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे सरल व्यवहार और कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। पत्रकारिता को उन्होंने अलग आयाम दिया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में जगह दें और शोक संतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

# वंदे भारत एक्सप्रेस 40 मिनट देर से पहुंची रांची

## रूट बदले जाने से परेशान रहे यात्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सेमी हाई स्पीड और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत ट्रेन के 40 मिनट विलंब से रांची पहुंचने पर यात्रियों में नाराजगी देखी गयी। दरअसल, पटना से रांची आनेवाली वंदे भारत ट्रेन का रूट बरकाकाना से मेसरा होकर रांची पहुंचने का है, लेकिन शनिवार को इस ट्रेन का रूट अचानक बदल दिया गया। बरकाकाना के बाद इस ट्रेन को मूरी होकर रांची आना पड़ा। इसमें विलंब हुआ। बताया गया कि यह ट्रेन निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे पटना से खुली थी। इसके रांची पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 01 बजे था। बरकाकाना स्टेशन तक यह ट्रेन समय पर पहुंची। उसके बाद नेक्स्ट स्टॉपेज मेसरा रेलवे स्टेशन था। ट्रेन को 12:20 पर मेसरा स्टेशन स्टेशन पहुंचना था।

मेसरा स्टेशन के यात्री परेशान रहे कई यात्री मेसरा स्टेशन पर उतरने के लिए तैयार भी थे, लेकिन बिना किसी सूचना के ट्रेन का रूट बदल दिया गया। इसको लेकर सेंट्रल कंट्रोल सिस्टम से अनाउंसमेंट भी नहीं किया गया। ट्रेन के मेसरा स्टेशन नहीं पहुंचने पर जब यात्रियों ने रेलवे कर्मियों से पूछताछ की तो उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी। कोई जवाब नहीं दे पा रहा था कि आखिर ट्रेन का रूट क्यों बदल गया।

खास बात है कि बोगी के कोच में लगे डिस्प्ले बोर्ड पर अगला स्टॉपेज मेसरा ही दिख रहा था। इस ट्रेन से यात्रा कर रहे मुसाफिरों ने लचर व्यवस्था को लेकर सवाल भी उठाए। यात्रियों ने कहा कि सुविधाओं से लेस वंदे भारत ट्रेन में इस तरह का कम्युनिकेशन गैप समझ से परे है। रुट बदलने की वजह से यह ट्रेन करीब 40 मिनट विलंब से रांची स्टेशन पहुंची।

## आज का राशिफल
**29-10-2023**

**मेष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।
**वृष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।
**मिथुन** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।
**कर्क** : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।
**सिंह** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।
**कन्या** : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।
**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।
**वृश्चिक** : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।
**धनु** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
**मकर** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।
**कुंभ** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।
**मीन** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

# अमृत वाटिका के निर्माण को लेकर झारखंड से अमृत कलश रवाना

**नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से रांची रेलवे स्टेशन पर मेरी माटी मेरा देश को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने के लिए झारखण्ड प्रदेश के 24 जिलों के 264 प्रखण्डों से नेहरू युवा केंद्र संगठन के 507 स्वयंसेवक अमृत कलश के साथ रवाना हुए। शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन परिसर में नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखण्ड रांची की ओर से अमृत कलश यात्रा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा (कुलपति, रांची विवि), विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश अग्रवाल (महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, रांची), पी कुजूर (उपमहानिरीक्षक, सीआरपीएफ, रांची), जेएस बिंद्रा (मंडल रेलवे प्रबंधक, दक्षिण पूर्व क्षेत्र, रांची), निशांत कुमार (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक), अब्दुल हमीद (संयुक्त निदेशक, पीआईबी, झारखण्ड) तथा अमित कुमार (सेनानायक, सीआरपीएफ, रांची) उपस्थित रहे। रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के संबंध में कहा कि इस कार्यक्रम ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। उन्होंने बताया कि रांची विवि ने इस कार्यक्रम की शुरूआत से ही अपने विभिन्न कालेजों में इस कार्यक्रम को आयोजित किया।

कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र रांची के उप निदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह तथा एनएसएस के राज्य समन्वयक ब्रजेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं / स्वयंसेवको को झारखंडी बंडी तथा साड़ी प्रदान की गयी। सर्वप्रथम नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखण्ड की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। सीआरपीएफ, गेल, रांची विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय, पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक कार्यालय, नगर पालिका रांची के अमृत कलश को हनी सिन्हा को प्रदान किया गया। इसके उपरांत रांची विवि की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों सम्मानित किया एवं उनके सहयोग के लिए उन्हे धन्यवाद दिया। इसके साथ उन्होने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के महत्व व इसका उद्देश्य सभी को बताया।

राकेश अग्रवाल महानिरीक्षक सीआरपीएफ द्वारा अपने उद्बोधन में मेरी माटी मेरा देश कार्यकम को देश के जमीनी स्तर से जुड़ाव को लेकर प्रकाश डाला गया तथा इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ द्वारा किए गए प्रयास को वर्णित किया। तत्पश्रात जेएस बिंद्रा मंडल रेलवे प्रबंधक, दक्षिण पूर्व क्षेत्र, रांची ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। झारखण्ड राज्य के सभी प्रखंडों एवं सीआरपीएफ, गेल, रांची विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय, पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक कार्यालय, नगर पालिका रांची से प्राप्त 284 अमृत कलशों को लेकर नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखण्ड के 507 स्वयंसेवक / युवा विशेष ट्रेन के माध्यम से शनिवार को रांची से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। इन कलशों की मिप्ती से कर्तव्य पथ नई दिल्ली में एक अमृत वाटिका का निर्माण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 31 अक्टूबर को किया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### सूतक के कारण दोपहर बाद बंद रहे मंदिर के पट



**रांची।** शरद पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण का साया सूतक के कारण शनिवार को दोपहर बाद से राजधानी के सभी मंदिरों के पट बंद रहे। मोराबादी पंच मंदिर के भारत बाबा ने बताया कि सूतक काल में मंदिरों में प्रवेश, पूजा-अर्चना आरती सभी वर्जित होता है। उन्होंने कहा कि 28- 29 अक्टूबर को मध्य रात्रि को लगने वाले चंद्र ग्रहण का प्रभाव संपूर्ण भारत में होगा। चंद्र ग्रहण का असर 1:05 से लेकर 2:23 तक रहेगा। सूतक 9 घंटे पूर्व शाम 4:05 से प्रारंभ हो रहा है। ग्रहण देर रात 1:05 से शुरू होगा जो 2:23 बजे तक रहेगा। इस दौरान किसी प्रकार का मांगलिक कार्य स्नान, हवन और भगवान की मूर्ति का स्पर्श नहीं करना चाहिए।

### छात्र आजसू की मांग पर विवि प्रशासन ने बढ़ायी नागपुरी भाषा की सीटें

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू ) की मांग पर रांची विवि प्रशासन ने एसएस मेमोरियल कॉलेज के यूजी में नागपुरी भाषा के सीटो की संख्या में वृद्धि कर दी है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले ही आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उनसे नागपुरी भाषा की सीट बढ़ाने का आग्रह किया था। छात्र संघ की मांगों को गंभीरता से लेते हुए कॉलेज प्रबंधन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से बात कर सीटों की संख्या में इजाफा कर दिया। आजसू ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा को छात्र छात्राओं के हित में निर्णय लेने के लिए धन्यवाद दिया। यह जानकारी आजसू के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने दिया।

### रांची विश्वविद्यालय में 31 को रहेगा प्रतिबंधित अवकाश

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में मुड़मा मेला को ध्यान में रखते हुए 31 अक्टूबर को प्रतिबंधित अवकाश घोषित की गई है। विश्वविद्यालय के रजिस्टर ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि विश्वविद्यालय की पूर्व की निर्धारित परीक्षाएं यथावत संपन्न होगी। उन्होंने कहा है कि सिर्फ 31 अक्टूबर को प्रतिबंधित अवकाश की घोषणा की गई है।

### विहिप ने मनायी वाल्मिकी जयंती



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर ने कई स्थानों पर वाल्मिकी जयंती मनायी। विहिप ने बिरसानगर,चाणक्य नगर, प्रताप नगर,श्रीराम नगर सहित कई स्थानों पर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई। कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोगों ने एकत्र होकर महर्षि वाल्मीकि का पूजन किया। उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। बिरसा नगर समिति द्वारा हटिया चौक स्थित शिव मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलायें भी सम्मिलित थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना की। इसके माध्यम से भगवान राम की प्रेरक कथा को जन जन तक पहुंचने का कार्य किया। महर्षि वाल्मीकि की पूजा करने वाले वाल्मीकि समाज के बंधु उन धर्म योद्धाओं के वंशज हैं। जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं की यातनाएं सही। लेकिन, हिंदू धर्म नहीं छोड़ा।

### गोरखा समाज का टीका मिलन समारोह आयोजित



**रांची।** गोरखा जनसहयोग परिवार के तरफ से शनिवार को टीका मिलन समारोह का आयोजन जैप-1 हास्पिटल मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे गोर्खा जनसहयोग परिवार की बुजुर्ग महिला चन्द्र कला थापा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने नेपाली परंपरा के अनुसार सभी सदस्यों को टीका लगाकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। जनसहयोग परिवार के मुख्य संयोजक अरूण प्रधान ने अपनी अनुपस्थिति में इस कार्यक्रम का संचालन की ज़िम्मेदारी परिवार के सदस्य एवं समाजसेवी रितेश कुमार थापा को सौंप दिया जिसे उसने बखूबी निभाने की कोशिश की ।अंत में सदस्यों के लिए खाने पीने की समुचित व्यवस्था की गई थी जिसका सभी ने लुत्फ उठाया।

## भागवत चेतना में बदल जाता है काम का भाव : हरिवंश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री अरविंदो सोसायटी देवी मंडप की ओर से शनिवार को कैंपस में हिंदी क्षेत्रीय समिति के 44वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित की गयी। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भागवत चेतना में किसी काम को करने से उस काम का भाव ही बदल जाता है। श्री हरिवंश ने श्री अरविंद के कथन को दोहराते हुए कहा कि यदि एक बार मनुष्य आध्यात्मिक करण के लिए राजी हो जाए, तो सबकुछ बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ पल के लिए अध्यात्म से जुड़ जाना बड़ी बात नहीं होती।

अपने जीवन को ही आध्यात्मिक रूप में जीने का प्रयास करना चाहिए। दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन डेढ़ सौ से अधिक साधक सम्मेलन में शामिल हुए। मौके पर अध्यक्ष प्रदीप नारंग, विजय पोद्दार, आलोक तुलस्यान सहित अन्य कई लोगों ने अपने वक्तव्य दिये। सम्मेलन का संचालक मनोज शर्मा तथा मानस सिंह ने किया।

## श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा महाउत्सव की धूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बाबा श्याम को श्वेत पोशाक (बागा) श्वेत आभूषण श्वेत फूलों का श्रृंगार किया गया। श्वेत प्रसाद के रुप मे बाबा श्याम को कांजू एवम खीर का भोग लगाया गया उसके बाद सभी भक्तों के बीच वितरण किया गया। सुबह से ही भक्तों का आना मंदिर में लगा हुआ था। सुबह मंदिर के पट खुलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को मंदिर में पहुंच रहे थे। श्रृंगार के लिए तीनों मंड का परदा लगा कर श्वेत श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती में भक्त बाबा श्याम का विशेष श्वेत दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। श्रृंगार आरती प्रातः 8.30 बजे की गई। आज सभी मंड का परदा सभी देवी देवताओं के वस्त्र सभी आभूषण एवम सभी श्रृंगार श्वेत दूधिया रोशनी से जगमग कर रहे थे। श्वेत लाइट से पूरा मंदिर दूधिया रोशनी बिखेर रहा था। चंद्र ग्रहण होने के कारण सयन आरती दिन में 3 बजे की गई। दोपहर 3:30 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए गए।अब रविवार 29 अक्टूबर को प्रातः नियमित समय पर खुलेंगे। पूरे झारखंड में एकमात्र हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में ही शरद पूर्णिमा उत्सव खाटूधाम के परंपरा अनुसार इसी रूप में मनाया गया। आज के दिन बाबा श्याम का प्राकृतिक पंखा भी खोला गया जो वैशाख सुदी तीज अक्षय तृतीया के अवसर पर लगाया गया था। बाबा श्याम को नया श्वेत चंदवा भी लगाया गया। आज चंद्र ग्रहण होने के कारण रात्रि ढाई बजे के बाद पूरे मंदिर परिसर को धुलाया जाएगा एवं साफ सफाई करवाई जाएगी। शरद पूर्णिमा उत्सव में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री अनिल नारनोली रतन शर्मा रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी किशन शर्मा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## विकास विद्यालय में सीबीएसइ क्लस्टर 3 का चार दिवसीय एथलेटिक्स मीट शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विकास विद्यालय में शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का क्लस्टर-3 के अधीन चार दिवसीय एथलेटिक्स मीट की शुरूआत हुई। मीट की शुरूआत एक भव्य समारोह का आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ अजित कुमार सिन्हा वाईस चांसलर रांची यूनिवर्सिटी थे। वहीं विशिष्ट अतिथि इदंरजीत सिंह गोल्ड मेडलिस्ट थे। इस मौके पर विकास विद्यालय के प्राचार्य पी एस कालरा ने अतिथियों को सम्मानित किया और भाग ले रहे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों तथा प्राचार्य विकास विद्यालय ने सीबीएसई का अधिकारिक ध्वज का झंडोतोलन कर कार्यक्रम को एक मूर्त रूप दिया तथा मुख्य अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विकास विद्यालय का छात्रों का समूह अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में सीबीएसई क्लस्टर-3 में बिहार व झारखण्ड का 122 विद्यालयों के लगभग 1300 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगी।

## बंगभाषियों ने की लक्खी पूजा



**रांची।** झारखंड में बंगभाषियों ने शनिवार को लक्खी पूजा का त्योहार मनाया। इस मौके पर घर-घर में लक्ष्मी पूजा आयोजित की जाती है। पंडित जयदीप देवघरीया ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा से अमृत वर्षा होने योग है। उन्होंने बताया कि घी का दीपक जलाकर नारियल के लड्डू, लावा और गुड़ के साथ मां लोक्खी का स्वागत किया जाता है। इसके अलावा खिचड़ी एवं फल प्रसाद भी चढ़ाने की परंपरा है। छत और घर के आंगन में मां लक्खी के स्वागत में अल्पना बनाकर काफी सुंदर आकृति बनाया जाता है।

## पशुचिकित्सा महाविद्यालय में वेट उत्सव की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में शनिवार को तीन दिवसीय वेट उत्सव शुरू हुआ। उत्सव का उदघाटन पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के संतुलित विकास के लिए छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों और खेलकूद गतिविधियों में भी भाग लेना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अध्ययन में समय और ऊर्जा लगाना। संगीत और साहित्य की साधना में लगने से मनुष्य की कोमल भावनाएं पुष्पित, पल्लवित और समृद्ध होती हैं। वार्डन डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि शनिवार को रंगोली, पोस्टर डिस्प्ले, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट पेंटिंग तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 और 30 जनवरी को एकल गायन, एकल नृत्य, बैडमिंटन मेंस डबल्स एवं मिश्रित युगल, मैराथन, टग आफ वार, फेस पेंटिंग, कविता एवं शायरी, समूह नृत्य एवं समूह गीत तथा माइम प्रतियोगिता होगी। समापन समारोह महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में होगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक तथा विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लगभग 250 छात्र छात्राएं हैं जिनका एक बड़ा भाग कार्यक्रमों में भाग ले रहा है।

### रांची महानगर काली पूजा समिति के नेतृत्व में काली पूजा की तैयारी प्रारंभ : आलोक कुमार दूबे



**रांची।** महानगर काली पूजा समिति के नेतृत्व में काली पूजा आयोजन को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। समिति के संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने बताया कि इस वर्ष भी काली पूजा के सफल आयोजन की तैयारी जोर शोर से प्रारंभ कर दी गई है। रांची महानगर काली पूजा समिति के निर्देश पर राजधानी के सभी काली पूजा समितियों के चुनाव भी संपन्न हो रहे हैं।मां का दरबार भव्यतम तरीके से सजाने की तैयारी शुरू हो गई है। काली पूजा के साथ-साथ कई जगहों पर हर वर्ष की भांति मेला भी लगाया जा रहा है। काली पूजा के सफल आयोजन की तैयारी को लेकर काली पूजा समिति का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल समिति के मुख्य संरक्षक और अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से उनके आवास पर मुलाकात की एवं माता का चुनरी भेंट कर स्वागत किया तथा काली पूजा में सहयोग करने का अनुरोध किया। मंत्री ने काली पूजा समिति को शुभकामनाएं दी एवं हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

## डीएवी हेहल के टॉपर्स 'सुपर एचीवर्स अवॉर्ड कार्यक्रम' में हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के बहुद्देश्यीय सभागार में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा-2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यातिथि एमके सिन्हा, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-बी एवं विशिष्ट अतिथि एस के सिन्हा, प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर, रांची सह-प्रबंधक, स्थानीय समिति, डीएवी हेहल थे। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। उसके बाद दीप प्रज्जवलन के उपरांत प्राचार्य मिश्रा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि महान लोगों की संगति ही हमें महान बनाती है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने बच्चों को अपना जीवन सफल बनाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा सुझाए गए पांच दर्शन सूत्रों को धारण करने की बात कही। इस वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा में कक्षा बारहवीं के विज्ञान,वाणिज्य एवं कला के 114 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं इससे अधिक वहीं कक्षा दसवीं के 93 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाकर अपने माता-पिता को भी गौरवान्वित किया। मुख्यातिथि एमके सिन्हा जी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बेहतर नागरिक बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी क्षमताओं का विकास शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशालाओं से करें और बच्चों को कक्षाओं में बेहतर ज्ञान दें। उन्हें विषय के ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता की भी शिक्षा जरूर दें।

जिससे बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में आगे निकलें। क्योंकि रौशनी केवल चिरोगों से नहीं होती, रौशनी शिक्षा से भी होती है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से विनम्र अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों के नैतिक विकास, खान-पान एवं स्वास्थ्य का पूर्ण रूप से ख़्याल रखें। विशिष्ट अतिथि एसके सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि डीएवी हेहल के विद्यार्थी शुरू से ही बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। टॉपर्स को सम्मान देने के लिए स्कूल के जूनियर विद्यार्थियों द्वारा स्वागत ज्ञान एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री ए के अमरेश ने कहा कि हम नित नई ऊचाईयों को छू रहे हैं।

इस सबका श्रेय हमारे सम्मानित शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर टीपी झा प्राचार्य डीएवी खूंटी, वीके पाण्डेय प्राचार्य डीएवी बरियातु, किरण यादव प्राचार्या डीएवी नीरजा सहाय, कांके, संजीत कुमार मिश्रा प्राचार्य डीएवी पुंदाग एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व बड़ी तादात में अभिभावक गण उपस्थित थे।

### गीताश्री उरांव ने सिर्फ अपने पिता के नाम पर राजनीति की : आदिवासी समन्वय समिति

**रांची।** आदिवासी समन्वय समिति के लक्ष्मीनारायण मुंडा ने पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव की कांग्रेस में पुर्नवापसी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि गीताश्री उरांव को बताना चाहिए कि कुड़मी/कुरमी को आदिवासी बनाने की मांग पर कांग्रेस पार्टी का स्टैंड क्या है ? वही कांग्रेसी सांसद अधीर रंजन चौधरी की कुड़मी/कुरमी जाति समुदाय को आदिवासी बनाने की मांग की थी। इसके विरोध में सांसद अधीर रंजन चौधरी का पुतला दहन किया गया था। इसमें गीताश्री उरांव भी शामिल रही थी। उन्होंने ने कहा कि आदिवासियों के अलग धर्म कोड को लेकर कई बार कांग्रेस पार्टी से भी गीताश्री उरांव सवाल करती रही हैं कि 7 वें नंबर का धार्मिक कोड के कालम को कांग्रेस ने ही खत्म किया है। अगर धर्म के कालम में 7 वें नंबर का धार्मिक कोड का प्रावधान रहता तो प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय विकल्प के रुप में अपना अलग धार्मिक कोड दर्ज कराती। इस पर भी गीताश्री उरांव को कांग्रेस की नीति पर स्पष्ट करना चाहिए। गीताश्री उरांव सिर्फ अपने पिता कार्तिक उरांव के नाम पर राजनीति की है, विधायक बनी है,मंत्री बनी है। इससे ज्यादा इसकी पहचान कुछ भी नहीं है। ऐसे लोग बिना पद , पावर सत्ता के वगैर रह नहीं सकते हैं।

स्पीड न्यूज

### मेला देख कर लौट रहे युवक की सडक दुघर्टना में मौत

**नामकुम।** गुरूवार देर रात लगभग दो बजे थाना क्षेत्र के रामपुर रिंगरोड स्थित अरविंद मिल समीप हुई सडक दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जिसकी शिनाख्त खरसीदाग के रहने वाले लक्ष्मण कच्छप के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि लक्ष्मण गुरूवार रात माल्टी में आयोजित जतरा देखकर रात लगभग दो बजे पैदल ही खरसीदाग स्थित अपने घर जा रहा था, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के शव को नामकुम पुलिस ने जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया। घटना की जानकारी लक्ष्मण के पैतृक गांव मांडर के कुरगी में रहनेवाले उसके परिजनों को दे दी गयी है।

### बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**मांडर।** लोयो पीपर टोली निवासी 40 वर्षीय डहरू उरांव की शनिवार की देर शाम बिजली तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार डहरू एक किसान था और शनिवार की शाम अपने खेत में लगाए गए लहसुन में सिंचाई के लिए वह बिजली की तार जोड़ रहा था। तार जोड़ने के क्रम में गलती से वह करंट की चपेट में आ गया, जब तक आसपास के लोगों की नजर उस पर पड़ती तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर मांडर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं दूसरी ओर इस हादसे से डहरू की पत्नी और उसके बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

### किसानों के बीच हुआ उन्नत किस्म के चार बकरी व एक बकरा का वितरण

**सिकिदिरी।** गेतलसूद स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम फार्म में शनिवार को कांके प्रखंड के राहड़ा गांव के छह किसानों के बीच उन्नत नस्ल के ब्लैक बंगाल बकरी का वितरण किया गया। सभी को चार बकरी व एक बकरा सेट दिया गया। बकरी का वितरण दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची के द्वारा आर्या परियोजना के तहत किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अजीत सिंह,डॉ भरत महतो, संतोष कुमार, कुलदीप महतो, बिंदेश बेदिया आदि उपस्थित थे।

### एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का एफ सी मासू चैम्पियन बना

**अनगड़ा।** जयराम स्पोर्ट्स क्लब बीसा के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का खिताब एफ सी मासू ने जीता। मासु एफसी ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को रोमांचक मुकाबले में 5-3 से हराया। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप एक एक खस्सी दिया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छोटेलाल महतो बीसा मुखिया मंजोती देवी पुसुवा लोहरा, गणेश भोगता आदि उपस्थित थे।

### संकल्प यात्रा में 100 भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के नेतृत्व में 100 कार्यकर्ता भाजपा के संकल्प यात्रा में शामिल हुए। सुनील महतो ने बताया कि भाजपा के केंद्रीय अध्यक्ष को सुनने के बाद कार्यकर्ता पुरे जोश में है। आने वाले चुनाव में हेमंत सरकार की जमीन खिसक जाएगी। संकल्प यात्रा में शामिल होने वालों में सोहराई बेदिया,धनेश्वर बेदिया,बुधराम बेदिया,मनमोहन भोगता आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# बेड़ो में जमीन विवाद को लेकर महिला मजदूर की हत्या

## कई दिनों से भाई के साथ चल रहा था लेकर झगड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो जमीन विवाद में महिला मजदूर पुनम उरांव की पत्थर से कुचकर हत्या की खबर से पूरे प्रखंड में सनसनी मच गई और धीरे ही धीरे पूरे प्रखंड में हत्या की खबर आग की तरह फैल गई। महिला मूल रूप से बेड़ो विनय बगीचा की ही निवासी है और बेड़ो बिजली ऑफिस के नीचे किराए के मकान में अपनी मां के साथ रह रही थी। घटना बेड़ो बाजार स्थित बड़ा गोदाम के पीछे गली में शनिवार की शाम 6:30 बजे की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना बेड़ो पुलिस प्रशासन और परिजनों को दिए। इसके बाद बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम व एएसआई जितेंद्र यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों में मृतक की मां सुमरी उरांव बहन अंगनी उरांव का रो रो कर बुरा है। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियो के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद उसी गली से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों को निकाल कर जाते हुए देखा गया था। इधर घटना के बाद घटनास्थल पर मृतक पूनम उरांव की मां अंगनी उरांव कह रही थी उसकी बेटी पूनम उरांव कि उसके अपने भाई दिलीप उरांव के साथ बेड़ो बाईपास में जा रहे जमीन के मुआवजे व जमीन विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा था और इसी को लेकर मेरी बेटी को मार दिया।


घटना के बाद घटनास्थल पहुंचे पुलिस।

### गोली चलने की भी सुनी गयी थी आवाज

जानकारी के अनुसार घटना के वक्त गोली चलने की भी आवाज आसपास के लोगों को सुनाई दी थी ग्रामीणों में चर्चा है कि महिला को पहले गोली मारी गई उसके बाद उसके सिर को पत्थर से कुचा गया हो। इधर घटना के संदर्भ में बीरो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रोम ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।


घटना के बाद रोती बिलखती बूढी मां और बहन।

## रैयतों के साथ खिलवाड़ नही होने दिया जायेगा : रतीय गंझू



**खलारी।** अपना मोर्चा अपने पास रखे रैयतों,हमदर्द बनने की कोई जरूरत नही,रैयतों के साथ खिलवाड़ नही होने दिया जाएगा, हक की लड़ाई में कुछ मोर्चा के लोग मांग पूरा भी नही हुआ है और धरना स्थगित करने की बात कह रहे है। उक्त बातें केडीएच परियोजना पदाधिकारी के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना के प्रमुख नेता रतीय गंझू ने कहा। परियोजना पदाधिकारी के कपट रवैये से ना खुश विश्रामपुर के रैयत के साथ बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले धरना लगातार 28 वां दिन भी जारी रहा। धरना में विश्रामपुर, जामुनदोहर के रैयत खतियानी लोगों का विस्थापन, नौकरी, मुआवजा का हक नही मिलता है तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर बीसीकेयू के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझु,विजय गंझू, देवराज गंझू,पिंटू गंझू,अरुण सिंह, सोनू गंझु, अखिलेश गंझु, दिनेश गंझु,बालजीत गंझु,रोशन गंझू अन्य मौजूद थे।

# एनडीआरएफ ने दी विद्यार्थियों को आपदा से निपटने की ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** एनडीआरएफ की टीम ने शनिवार को प्रखंड के कुंदी गांव स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को आपदा से निपटने का ट्रेनिंग दिया। 9वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बिहटा पटना के रांची सेंटर के सदस्यों ने हार्ट अटैक आने पर किस प्रकार से (सीपीआर) कार्डियो पलमोनरी रेस्पिरेशन देकर जान बचाया जा सकता है, का डेमो प्रस्तुत कर बच्चों को ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग में हाथ पांव कटने व सिर फटने पर किस प्रकार प्राथमिक उपचार किया जाय, पानी मे डूबे हुए व्यक्ति का जान किस प्रकार बचाया जाय और भूकंप आने पर कैसे अपनी व परिजनों की जान को बचायी जाय इसके उपाय बताये गये। बच्चों को इसकी पूरी प्रक्रिया का डेमो प्रस्तुत कर बताई गयी। इसके अलावा एंबुलेंस की सेवा किस प्रकार से ली जाये इसकी भी ट्रेनिंग दी गयी। कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीम ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आपदा प्रबंधन किट भेंट किया।



### कार्यक्रम मे मौजूद लोग

कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर ज्योति कुमार झा, कांस्टेबल रूपेश, मुनींद्र, विकास, पिकेश व कुलदीप के अलावा विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिला सिंह, प्रदीप कुमार, पूनम केरकेट्टा, पल्लवी, प्रिंस, ओलीवा व मदरसा के शिक्षक मोहम्मद इकराम सहित अन्य मौजूद थे।

## भैसादोइन ग्राम में दो वर्षो में नही हुआ कोई विकास कार्य, बीडीओ की वादा अब तक नही हुआ पूरा

खबर मंत्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग व उनके टीम के द्वारा बीते दो वर्ष पहले हुटाप पंचायत के भैसादोइन ग्राम में लगभग 20 घरों की मूलभूत सुविधा से वंचित से कोषों दूर रहने वालों की आस जगा कर खुद सो गये। बताना चाहते है कि भैसादोइन ग्राम के ग्रामीणों की मूलभूत सुविधा से वंचित की खबर 4 अप्रैल 2021 को खबर मन्त्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद 07 अप्रैल 2021 को खलारी बीडीओ बीपीओ सहित प्रखंड के तमाम पदाधिकारी उक्त ग्राम पहुँचे। उक्त ग्राम का निरीक्षण करने के बाद गांव वालों को भरोसा दिया गया था कि,पीने का पानी,रोड,आवास जैसे सरकारी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। लेकिन खलारी बीडीओ का वादा बचकानी ही रह गया है। अब तक मूल भूत सुविधा नहीं मिल पाया है। भैसा दोइन के ग्रामीण लगभग 200 की संख्या के परिवार अभी तक पीने का पानी के लिए मनरेगा के द्वारा निर्माण किया गया कुआं से प्यास बुझा रहे है। वही गांव से मुख्य पथ तक रोड के लिए पगडंडी वाले रास्ता का उपयोग किया करते है। ग्रामीण परिवारों को रहने के लिए बाप दादा का पुराण मिट्टी का घर है।

**मूलभूत सुविधा के आस में अब तक है ग्रामीण**

भैसादोइन ग्राम में कई पीढ़ियों से आदिवासी परिवार रहते आ रहे है। उक्त ग्राम के रहने वाले ग्रामीण बीरेंद्र गंझू,बालेश्वर गंझू,राजेश गंझू,धनराज गंझू, बालकु गंझू, तेतरी देवी, अनिता देवी,लालो देवी, बुधनी देवी, संतोष गंझू,बसराज गंझू ने बताया कि खबर में छपने के बाद साहब लोग आए थे। पूर्व मुखिया वार्ड सदस्य लोगो की मौजूदगी में गांव का विकास का रूप रेखा तैयार करने की बात कही गयी थी।


खबर प्रकाशित होने के बाद निरीक्षण के लिए पहुंची टीम
भैसादोइन के ग्रामीणों को जल्द मिलेगी मूलभूत सुविधाएं: बीडीओ

### पूरा प्रखंड भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है विकास सिर्फ कागजों में : श्याम

वही युवा समाजसेवी श्याम लोहरा ने बताया कि पूरा प्रखंड भ्रष्टाचार में लिप्त है। काम वही होता है जहाँ पर अधिकारियों के लिए ग्रामीणों का चढ़ावा अधिक जाता है। जंगल के किनारे बसे,दूर सुदुर ग्रामीणों के लिए स्थनीय मुखिया या पूर्व मुखिया भी इन लोगो के बारे में नही सोचे है। जैसे चल रहा चलने देते है। कुछ बोलने पर सीधे साधे लोगो को अनाप सनाप समझा देते है।

## महिलाओं को शिक्षित होना समय की मांग : निर्मला भगत



**अनगड़ा।** रामकृष्ण मिशन आश्रम के तत्वावधान में आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के खक्सी टोली में भगिनी निवेदिता के 156वीं जन्म उत्सव के मौके पर प्राकृतिक खेती पर जागरूकता एवं स्थानिय खाद्य पदार्थ के द्वारा पोषण सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षित होना समय की मांग है वे स्थानीय। खाद्य पदार्थ का प्रसंस्करण कर बेहतर स्वास्थ्य व आय अर्जित कर सकती हैं। सचिव स्वामी भवेशानन्द जी महराज ने कहा कि भगिनी निवेदिता के आदर्श का पालन करते हुए जीवन के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में पोषक अनाज अधारित पाक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसमें पॉच गॉवों से 33 महिलाओं नें भाग लिया। ये सभी महिलाओं अपने से मड़ुवा से बनाए गए 39 प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पॉच प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य राजेन्द्र शाही, दीपा उरॉव , अनिता, भुवनेशवर, राजेश, डॉ अजित, डॉ मनोज, डॉ विशाखा, सुदिप्त सत्यपती, पार्वती कुमारी अध्यक्ष करमी देवी विवेकानंद सेवा केन्द्र के अध्यक्ष संतोष बेदिया आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

### जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा तमाड़



**तमाड़।** थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का झुंड शनिवार सुबह प्रवेश करते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल है। तमाड़ रेंज के जिलिंगसेरेंग, जोजोपिडी.जंगल में हाथियों ने डेरा डाल रखा है। इससे पूर्व जंगली हाथियों का यह झुंड बुंडू रेंज के रेलाडीह जंगल में कई महीने से दहशत मचा रखे थे। अब रेलाडीह जंगल से निकलकर तमाड़ के जिलिंगसेरेंग, जोजोपिडी. जंगल आ पहुंचे हैं। जंगली हाथियों के झुंड को आते देख आसपास के ग्रामीण भयभीत है। शाम होते ही लोग घरो में दुबके रहने को मजबूर है। ग्रमीणों ने वन विभाग से हाथियों को जल्द भगाने की अपील की है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के शनिवार की सुबह दिघिया सरना टोली मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरना टोली दिघिया बेड़ो निवासी 45 वर्षीय गोपाल भगत के रूप में की गई है। इधर मिली जानकारी के अनुसार मृतक पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वह एक अज्ञात वाहन की चपेट में गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक के स्वजनों ने बताया कि गोपाल भगत चट्टी जतरा देखने गया था। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बेड़ो थाना के एएसआई अक्षय कुमार सिंह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को घटनास्थल से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल एक की इलाज के दौरान मौत



**बेड़ो।** बेड़ो में सड़क दुर्घटना में घायल युवक 45 वर्षीय राजेश बैठा की शनिवार को इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। मृतक का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। स्वजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि लोहरदगा पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको कब्रस्तान के समीप शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे पैदल अपने घर जा रहे राजेश बैठा को एक बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे राजेश बैठा व बाइक सवार 28 वर्षीय दानियल बेक दोनों तुको बेड़ो गांव निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां युवक का इलाज चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मौत हो जाने के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। उनके पत्नी संगीता देवी, बेटा रोहित बैठा, रोशन बैठा बेटी व आरती कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजनों का चीत्कार और विलाप सुनकर हर किसी की आंखों से आंसू निकल पड़ा।

### डुंगरी में लाभुकों के बीच बतख एवं मुर्गी चूजा का वितरण

**नामकुम।** गुरूवार को प्रखण्ड के डुंगरी गांव के अखड़ा में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लगभग 30 लाभुकों के बीच बतख चूजा एवं मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। लाभुकों को चूजा वितरित करते हुए प्रमुख आशा कच्छप ने चुजो की अच्छी तरह देखभाल कर बिक्री कर आमदनी बढ़ाकर स्वावलंबी बनने एवं नशेपान से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बने मुर्गी शेड का निरीक्षण कर उसमें सुधार हेतू आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने भी लाभुको से योजना लाभ लेकर अपनी आमदनी बढाने और स्वावलंबी बनने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से बीएएचओ डॉ अमरेन्द्र श्रीवास्तव, मुखिया जीता कच्छप,माधो कच्छप,लाल मनोज,विनय कुमार नायक,अनिता देवी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भगीनी निवेदिता की जयंती पर प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के नवागढ़ खक्सी टोली में शनिवार को भगिनी निवेदिता के 156वीं जयंती के मौके पर प्राकृतिक खेती पर जागरूकता एवं स्थानीय खाद्य द्वारा पोषण सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी के मार्गदर्शन पर भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र नवागढ़ ने किया था। अध्यक्षता सेवा केन्द्र के अध्यक्ष संतोष बेदिया ने किया। मुख्य अतिथि रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा,प्रमुख दीपा उरांव उपस्थित थे। इस मौके पर पोषक अनाज आधारित पाक-कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पांच गांव की 33 महिलाएं शामिल हुई। महिलाओं ने मड़ुवा से बने 39 प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन किया। 20 अक्टूबर को खेले गये बालिका फुटबॉल टूनार्मेंट के विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी, जर्सी व फुटबाल देकर पुरस्कृत किया गया। निर्मला भगत ने कहा कि स्थानीय खाद्य पदार्थ का प्रसंस्करण करके बेहतर स्वास्थ्य व आय अर्जित की जा सकती है। इस अवसर पर आरकेएम मोरहाबादी के सचिव स्वामी भवेशानन्द, पूर्व प्रमुख अनिता, मुखिया भुवनेश्वर, राजेश,डॉ अजीत,डॉ मनोज,डॉ विशाखा, सुदीप्त, पार्वती, करमी, चिरंजीवी, सोमरा बेदिया, रोहित, तुलसी, सोनी कुमारी,श्रवण, बिड़ंबर बेदिया, रीना नायक आदि उपस्थित थे।

## विवाहिता ने दर्ज करायी दुष्कर्म की प्राथमिकी

### पुलिस कर रही पड़ताल

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड निवासी मनोज मुंडा की पत्नी आरती देवी ने गांव के ही 33 वर्षीय युवक जतरू मुंडा पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता के ब्यान पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार, महिला की शादी 10 वर्ष पुर्व मनोज मुंडा के साथ हुई। मनोज का दोस्त जतरू का आना जाना उसके घर होता था। महिला से हंसी मजाक भी होता था। इसी दौरान इसी वर्ष मार्च महीने में एक दिन जतरू ने उसे घर मे अकेला पाकर उसके साथ न केवल दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, बल्कि मोबाइल से अश्लील फोटो भी खींच ली। फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार कई वर्षों तक महिला के साथ दुष्कर्म करता रहा। महिला लोक लाज व बदनामी के डर से किसी को कुछ नहीं बताई। इधर, कुछ महीने से जतरू उसके पति मनोज को जहर देकर मारने का दबाव बना रहा था। इससे तंग आकर पीड़िता ने थानेदार सपन महथा से मिल आपबीती सुनायी। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

## झारखंड फुटबॉल अंडर 19 टीम के मैनेजर बनाएं जाने पर दिया बधाई



**सोनाहातू।** प्रखंड के गवर्नमेंट प्लस टू हाई स्कूल लांदुपडीह के शारीरिक शिक्षा शिक्षक बिंदेश्वर महतो,डिप्टी को स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया( एसजीएफआई) के द्वारा राज्यस्तरीय फुटबॉल खेलश्रीनगर जम्मू कश्मीर में आयोजित किया गया है। इस खेल के लिए इन्हें झारखंड टीम का मैनेजर बनाया गया है। बिंदेश्वर महतो अपनी टीम के साथ रवाना हो गये है। यह मैच 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक होगी,इस मैच में पूरे सभी राज्यों की टीम भाग लेगी। इसके लिए विद्यालय परिवार एवं खेल प्रेमियों के द्वारा इन्हें बधाई दिया गया गया है। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य रूबेल लकड़ा , +2 शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार महतो, जय कुमार, दिलीप कुमार महतो, उमाकांत स्वांसी, प्रेमलता लकड़ा, पीतांबर, विवेक, शिव प्रसाद, +2हाई स्कूल सोनाहातू के प्रभारी रामेश्वर सेठ,खेल प्रेमी श्याम कुमार महतो, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, धनु नाग, आदि ने बधाई दिया है।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – 24 / 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 06.11.2023 को कार्यालय अवधि तक को (अपराह्न 3:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 07.11.2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 08.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | गाँव | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Khunti | Hatudami | Construction of community hall | 12,00,000.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 2 | | Hatudami, Hutar, Jamri, Jiyaratha | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 3 | | Jojahatu, Kalamati, Kanadih, Kujram | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 4 | | Kalamati, Phuddi | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 5 | | Landup, Maranghada, Poseya, Sandasom | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 6 | | Saradkel, Silda, Sibhukel, Tilma, Torangkel | Gram Sabha Baithak Centre | 12,50,000.00 | 25000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 7 | Murhu | Balanga, Bamhari, Bande, Bari | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 8 | | Bichana, Binda, Bundu, Mahail, Burju | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 9 | | Buruma, Charid, Digri, Durri | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 10 | | Gaigai, Gajgaon, Gajgaon, Goratoli | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 11 | | Gumpuru, Gutigara, Gutuhatu, Hansa, Hethgora | Gram Sabha Baithak Centre | 12,50,000.00 | 25000.00 | 2500.00 | 02 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. उक्त निविदा में जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 310090 (District) 23-24 (D)


# कुच्चू एतिहासिक मेला में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के एतिहासिक कुच्चू मेला शनिवार को बाजार मैदान कुच्चू ओरमांझी में लगा। गांव के पाहन राजा द्वारा रंगुआ मुर्गा की बली देकर मेला का शुभारंभ किया गया। पुरा मेला मैदान गन्ने, मिठाई, बच्चों के खिलौने व झुले से पटा हुआ था। वही आसपास गांव से पहुंचे लोगों ने मेला में लगे झुले का लुफ्त उठाते हुए व मिठाई व गन्ने की खदिरी कर रहे थें। वहीं किसानों मेला से कृषि अवजार व यंत्र की खरिदारी कर रहे थें। बच्चे भी खिलौने व मिठाई की खरिदारी क झुले का मजा ले रहे थें। वहीं जतरा मेला समिति द्वारा रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा की गीत व नृत्य की प्रस्तुत पर उपस्थित लोग झुम रहे थें। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व पूर्व सांसद रामटहल चैधरी द्वारा किया गया। आदित्य साहू ने कहा कि राज्य में लगने वाले जतरा मेला झारखंड की संस्कृति व परमपरा की पहचान है। मेला से एक दूसरे गांव के लोगों को साथ मिलकर उत्साह मनाने की अवसर देती है। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चैधरी ने मेला की इतिहास की जानकारी देते हुए कहा पहले लोग मेला देखने बैलगाड़ी से आते थें। लोगों को मेला में नये रिस्ते जोड़ने सुविधा प्रदान करती थी। पहले मेला का मुख्य आकर्षण ढोल बाजे के साथ झुमर नृत्य करते थें।


मेला में उमड़ी लोगों की भिड़।

### कार्यक्रम में उपस्थित लोग

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, जिप सदस्य सरिता देवी, मनोज वाजपेयी, मुखिया समुंदर पाहन, रणधीर चैधरी, मीना देवी, राजेंद्र मानकी शाही, संजय कुमार, अरविंद कुमार, अमित साहू, विजय आंनद, कुसेंदर महतो, रामबृक्ष महतो, सुनील नायक व महेंद्र महतो सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित थें।

स्पीड न्यूज

## मांडू में पूर्णिमा पर गायत्री महायज्ञ



मांडू। मांडूडीह पंचायत सचिवालय कॉलोनी भुईयां टोला में 28 अक्टूबर शारद पूर्णिमा पर एक दिवसीय गायत्री महायज्ञ हवन गायत्री परिवार और मांडूडीह मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य द्वारा विधि पूर्वक संपन्न किया गया। हवन में गायत्री मां का गायेत्री मंत्र नवग्रह मंत्र हवन पुर्णाहूति के साथ किया गया। हवन में मांडूडी मुखिया बैजनाथ राम कहा कि जिस स्थल में गायत्री हवन पूजा किया जाता है उस स्थान से जितने दूर तक गायत्री मंत्र ध्वनि और हवन का सुगंध जहां तक जाता है वहां तक का वातावरण शुद्ध हो जाता है और नकारात्मक ऊर्जा कोसों दूर भाग कर उस क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## सतर्कता जागरूकता अभियान संपन्न

**रजरप्पा।** डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता अभियान कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। 14 अक्टूबर को कार्यक्रम आरंभ हुआ था। सतर्कता जागरूकता अभियान का मुख्य विषय था भ्रष्टाचार का विरोध तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण। इस कार्यक्रम में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के आसपास के 8 स्कूलों के लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सर्वप्रथम 14 अक्टूबर को अन्तरविद्यालयी निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य बीपी राय ने कहा कि प्रत्येक छात्रों को ऐसी प्रतियोगिता में अवश्य भाग लेना चाहिए, यही वह मंच है बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इससे बच्चों में ज्ञान की वृद्धि होती है।

## छठ लेकर झरपो में बैठक संपन्न

टाटीझरिया। छठ पूजा को लेकर झरपो सूर्य मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता छोटन कुमार और संचालन दयाल प्रसाद ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूजा प्रांगण में साफ सफाई करना,मंदिर का रंग रोगन करना ,बिजली व्यवथा दुरुस्त करना है। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया की इस वर्ष तालाब का गहरीकरण हुआ है और पानी भी अधिक है इसे देखते हुए छठर्तियो के लिए पानी से 4 या 5 फीट पर बांस का ब्रेकिंग सिस्टम बनाने का निर्णय लिया जिससे व्रती को नहाने और अर्ध देने में कठिनाई नहीं होगी। इस बैठक में सरयू प्रसाद , रवि कुमार वर्नवाल राजेंद्र कुमार डॉ उमेश प्रसाद, गणेश माली, रवि कुमार रघुनंदन प्रसाद, अरविंद पांडेय, अजय पांडेय, दशरथ प्रसाद, टिकेंद्र कुमार, सुरेंद्र रविदास, रवि कुमार, बिनोद माली उपस्थित रहे।

## कुशवाहा महासभा का बैठक संपन्न

पदमा। रोमी पंचायत भवन में गुरुवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का बैठक आयोजित किया गया बैठक की अध्यक्षता पदमा प्रमुख बीना देवी वही संचालक गौतम मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के केंद्रीय सदस्य विनोद कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिगंबर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव अर्जुन प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव रेणु मेहता, जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद मेहता व कृष्णा कुशवाहा उपस्थित थे। बैठक में कुशवाहा समाज को एकजुट करने के लिए कमेटी बनाया गया। जिसमें रामचंद्र प्रसाद मेहता को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का प्रखंड अध्यक्ष, विजय मेहता को सचिव, सुनील मेहता कोषाध्यक्ष, इसके साथ पदमा प्रखंड के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनीता देवी प्रखंड अध्यक्ष, नीलम देवी को सचिव वही युवा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष मिनेस्वर प्रसाद मेहता को बनाया गया।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित पंचायत भवन में शनिवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन बीरेन्द्र कुमार (गोला) ने किया। बैठक में मुख्य रूप से हीरानाथ साहु (कांके), मोहन साव (गोमिया), रामसेवक प्रसाद (बरकट्ठा), मिथिलेश कुमार (बड़कागांव), परशुराम प्रसाद (रांची), दिनेश्वर मंडल (तेनुघाट), राजेश्वर साव (होसिर), राजेंद्र मंडल (विष्णुगढ़), लखन अग्रवाल (गोला), जगदीश साहु (लोहरदगा) उपस्थित थें। उक्त बैठक सदस्यता अभियान, केंद्रीय समिति के गठन एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर रखी गई थी। उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आम लोगों के लिए एक दिसंबर से वार्षिक सदस्यता अभियान चलाया जायेगा और 30 जनवरी तक 50 हजार नये सदस्य बनाये जायेंगे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे इंटर हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला आरएन टैगोर हाउस और सीवी रमन हाउस के बीच खेला गया। आरएन टैगोर ने दो सेट में 21-15, 21-9 से जीत दर्ज करते हुए टूनार्मेंट पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में सीवी रमन ने बिरसा मुंडा हाउस और आरएन टैगोर हाउस ने मदर टेरेसा हाउस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### हजारीबाग बार काउंसिल चुनाव का परिणाम जारी

# अध्यक्ष बने राजकुमार सुमन सिंह महासचिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। विवादों में रहे जिले का बार काउंसिल का चुनाव का रिजल्ट आखिरकार शनिवार आ ही गया। ज्ञात हो कि बीते 20 तारीख को चुनाव संपन्न हो गई थी। काउंटिंग में अध्यक्ष पद में राजकुमार राजू के जीतने के बाद आपसी विवाद में काउंटिंग को रोक दिया गया था। जिसमें बाद आरोप-प्रत्यारोप और काफी गहमागहमी के बाद झारखंड बार काउंसिल रांची से आए पदाधिकारी के देखरेख में शनिवार को पुलिस पदाधिकारी के समक्ष काउंटिंग किया गया। जिसमें सुमन सिंह महासचिव, उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष भरत कुमार,प्रशासनिक सचिव दीपक कुमार, ज्वाइंट सेकेरेट्री लाइब्रेरी कुणाल कुमार, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को चुना गया। मतदान को सफल बनाने में बार काउंसिल से आये आब्जर्वर बालेश्वर मंडल, मृत्युंजय श्रीवास्तव, रिटर्निंग ऑफिसर कृष्णदेव शर्मा, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर संतोष पांडे, मनीष चंद्रा, प्रकाश कुमार ,सुमित भारद्वाज, समरेश सिंह,कुणाल कुमार ,गौरव कारण ,नूरल हुड,राजदीप पांडेय एवं अन्य लोग लगे रहे। प्रशासन भी चुनाव को सफल कराने के लिए मुस्तैद दिखी।



## जेबीकेएसएस के अध्यक्ष बने दिनेश और सचिव परवेज



केरेडारी। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जेबीकेएसएस संगठन को मजबूती लेकर नवनिर्मित खेल मैदान बेलतू में बैठक हुआ। इसकी अध्यक्षता खेमलाल राम व संचालन बबलू साव ने किया। जेबीकेएसएस को बूथ स्तर पर मजबूती करने का संकल्प लिया गया। जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य राकेश मेहता, विकास कुमार, जानिसार आलम ने बताया कि अध्यक्ष दिनेश कुमार साव, सचिव परवेज आलम, कोषाध्यक्ष सुधीर साव, उपसचिव भीम सोनी, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार साहू, को सहमति से पदभार दिए गए।

## एनटीपीसी ने वृद्धा आश्रम में दिया राशन



हजारीबाग। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा हजारीबाग स्थित वृद्धा आश्रम का दौरा किया गया। संघ की अध्यक्षा ज्योति जलोटा ने वृद्धा आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। महिला संघ ने बुजुर्गों के लिए खाद्य सामग्री एवं राशन दिया। यह खाद्य सामग्री महिला संघ एवं सामुदायिक विकास कार्यों के तहत पकरी बरवाडीह की ओर से दी गई। महिला संघ के द्वारा निरंतर अंतराल पर हजारीबाग स्थित बनहप्पा में एचआईवी संक्रमित बच्चों के लिए सभी बुनियादी जरूरत के समान एवं अन्य चीज मुहैया करवाई जाती रही है। साथ ही इससे पहले भी इसी वृद्ध आश्रम में खाद्य सामग्री के अलावा अन्य चीज दी गई है।

## मरीजों का किया गया नि:शुल्क जांच

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के गोमिया रोड में काली मंदिर के समीप चितकारा डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया जिसमें मरीजो के लिए नि:शुल्क जांच की व्यवस्था की गई थी , केंद्र के संचालक आफताब आलम से पूछने पर बताया गया कि हमारे यहां बायोकेमेस्ट्री फुली ऑटो एनालाइजर एवं यूरीन एनालाइजर मशीन से जांच की जाती है , हालांकि स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और जांच केंद्र के खुल जाने से मरीजो के लिए राहत की बात है।

## टेंडर के बावजूद भी नहीं शुरू हुआ एनएच 522 का मरम्मति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दारू।** गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर के पास जीटी रोड को एनएच 522 जोड़ती है। यह न केवल न केवल झारखंड के गिरिडीह, देवघर ,दुमका, गोड्डा, व धनबाद जिला को राजधानी से जुड़ी हुई है बल्कि यह पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के साथ अन्य जिलों तक पहुंचने का मुख्य मार्ग है।पथ में बने गड्ढों के कारण कई छोटी बड़ी दुर्घटना हो चुकी है और प्रतिदिन छोटी मोटी घटनाएं घटती रहती है। इस पथ एनएच 522 पर लगभग एक साल से कई छोटे बड़े गड्ढे बने हुए है। इसकी मरम्मति के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के द्वारा एक माह पूर्व टेंडर किया जा चुका है बावजूद इसके पथ मरम्मति का कार्य अभी तक शुरू नही हो पाया है। इस पथ पर कुछ दिनों पहले झुमरा चौक में कई बड़े बड़े गड्ढे थे जिसे कई अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साथ हीं स्थानीय लोग सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी। उसके बाद जेई एवं संवेदक के द्वारा कहीं-कहीं बड़े गड्ढे को भराया गया । झुमरा व अन्य जगहों पर बड़े बड़े गड्ढे में गिट्टी व स्टोन डस्ट से भर दिया गया परन्तु अब आलम यह है कि इस मुख्य मार्ग से दिन भर में हजारों वाहन गुजरती हैं जिसके कारण गड्ढे में उपयोग की जाने वाली मिट्टी वा रेत के धूलकण से आसपास के दुकानदार एवं राहगीर को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में पूर्व जीप सदस्य देवकुमार राज ने कहा कि जब पथ मरम्मति हेतु टेंडर हो गया है तो संवेदक को चाहिए कि जब तक कार्य शुरू नही हो पाता है तब तक सड़क पर पानी का छिड़काव करें। एनएच 522 का मरम्मति कार्य शुरू होने के सम्बंध में राष्ट्रीय राज मार्ग के कार्यपालक अभियंता से मोबाइल से बात करने पर बताया कि संवेदक के द्वारा बताया गया है कि मजदूर दुगार्पूजा में अपने अपने घर चले गए है। इस कारण कार्य शुरू नही हो पाया है लेकिन रविवार से कार्य शुरू हो गया है। वहीं दुर्गापूजा से पूर्व कहीं कही मरम्मति कार्य शुरू हुआ है।

## बगोदर पुल हुआ जर्जर, कभी भी घट सकती है बड़ी घटना

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के चौथा गांव के बगोदर हजारीबाग मुख्य मार्ग मे नहर पर बने पूल की हालात दयनीय है। जर्जर हुवें दशकों पूर्व बने इस पूल से हर दिन धनबाद, हजारीबाग, रांची, देवघर, गिरिडीह जिले कों जोड़ने वाली सड़क है।

सैकड़ों गावों व प्रखंडो के लाखों लोगों के सफर का यह मुख्य सड़क है। इस सड़क मार्ग से जहां दर्जनों बसों का परिचालन होता है तो वहीं इस मार्ग से हर दिन सरकार के कई राजस्व प्राप्ति वाले भारी मालवाहक वाहन गुजरती है। अगर इस सड़क पर विभाग सजग नहीं हुवी तो भविष्य मे कभी भी बड़ी जान माल की घटना घट सकती है। साथ हीं सरकार के राजस्व पर भी असर पड़ सकता है। गौरतलब है की पूल के जर्जर होने के साथ दोनों और बने रैलिंग भी टूट -टूट कर झड़ चुका है। रेलिंग के नहीं होने के परिणाम कई बार वाहन दुर्घटना हो चुकी है। यह बात दीगर है की दुर्घटना मे कोई बड़े जान माल की छती नहीं हुवी है। बतातें चलें की पिछले दिनों एक मालवाहक पिकअप वैन पलट कर पूल से नहर मे जा गिरी थी, जिसमें ड्राइवर की जान बच गई थी, वहीं कुछ दिनों पूर्व एक अन्य चार पहिया वाहन पूल के ऊपर से नहर मे नीचे जा गिरा था।

### काली मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष बने पप्पू सिंह

भुरकुंडा । काली मंदिर प्रांगण में शुक्रवार की देर शाम काली पूजा समिति की बैठक हुई। पूजा की सफलता को लेकर कमेटी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष दिनकर सिंह, सचिव कामेश्वर मेहता, सहसचिव अनिल पासवान व अरविंद सहाय, कोषाध्यक्ष उदय स्वर्णकार, सह कोषाध्यक्ष दयानंद केशरी, संगठन सचिव रिंकू दास, सह संगठन सचिव श्रवण शर्मा व घनश्याम पासवान, मीडिया प्रभारी गुड्डू पांडेय को बनाया गया।

## बरही श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**बरही।** संरक्षण किसी भी क्षेत्र के लिए एक बड़ी पूंजी है।इस बात की जानकारी देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर बताया। उन्होंने ऊर्जा दिवस के अवसर पर विद्यालय में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य रोहित सिंह ने बच्चों को ऊर्जा सरंक्षण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि ऊर्जा के संरक्षण का अर्थ है, ऊर्जा का अंधाधुंध दुरुपयोग करने के बजाय बुद्धिमानी से उसका उपयोग करना है।ताकि भविष्य के लिए उसे बचाया जा सके।

## खुली खदान में क्रेन पलटने से चालक की मौत



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के सीसीएल तोपा परियोजना स्थित खुली खदान के हॉल रोड में हैवी क्रेन के असंतुलित होकर पलट जाने से क्रेन चालक सीसीएल कर्मी की दबने से मौत हो गयी। इस दौरान पहुंचे ग्रामीणों ने सीसीएल तोपा प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन को सिर्फ कोयला उत्पादन से मतलब है, जबकि कर्मियों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नही है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर परियोजना में कार्य किया जा रहा है। वहीं खदान में आने जाने वाले हॉल रोड का निर्माण भी सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर बनाया गया है। जिसपर भारी वाहनों का आवागमन होता है। जानकारी के अनुसार सीसीएलकर्मी सह डटमा बस्ती निवासी 50 वर्षीय भोला प्रसाद पिता डोमन साव तोपा परियोजना में क्रेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। खदान के अंदर से हैवी क्रेन को लेकर बाहर की ओर आ रहा था। इस दौरान चढ़ाई पर चढ़ने के दौरान क्रेन में तकनीकी खराबी के कारण पीछे की ओर वापस तेज गति से लुढ़कने लगा। इस दौरान क्रेन हॉल रोड के किनारे चट्टानों से टकराकर असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें क्रेन चालक भोला प्रसाद नीचे दब गए, ओर उनकी मौत हो गई।

### जयंत सिन्हा की पहल पर मृतक के पुत्र मिला नौकरी

**रामगढ़।** क्रेन हादसे में जान गंवा चुके भोला प्रसाद के परिजनों द्वारा घंटों शव को लेकर घटना स्थल पर मुआवजा हेतु प्रदर्शन करने की जानकारी उनके संबंधी दिनेश्वर साव ने सांसद जयंत सिन्हा को फोन पर दी। सांसद ने जीएम और सीएमडी से वार्ता कर मृतक के पुत्र को तत्काल नौकरी का पत्र सौंपने का निर्देश दिया ।

प्रपत्र VII
समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

## अधिघोषणा

(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या 950/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 17/10/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **हुर मोड़ (गढ़वा-शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** हेतु ग्राम-मध्या, थाना नं0-333, थाना-गढ़वा, अंचल-गढ़वा, जिला-गढ़वा में कुल :- **3.0335** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.0335** एकड़ है और जो ग्राम-मध्या, थाना नं0-333, थाना-गढ़वा, अंचल-गढ़वा, जिला-गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भुखंड से) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 275 | 1157 | रैयती | बकास्त खाता | 0.2240 | प्रभात चौबे वगै0 पिता-स्व0 अलख निरंजन चौबे व प्रेम नारायण चौबे व सुनिल कुमार चौबे व सुशील कुमार चौबे पिता-स्व0 देवबली चौबे | 1101 | 1157 | 1157 | 1157 |
| 2 | 275 | 1102 | रैयती | बकास्त खाता | 0.1590 | प्रभात चौबे वगै0 पिता-स्व0 अलख निरंजन चौबे व प्रेम नारायण चौबे व सुनिल कुमार चौबे व सुशील कुमार चौबे पिता-स्व0 देवबली चौबे | 1106 | 1157 | 1102 | 1102 |
| 3 | 44 | 1106 | रैयती | रैयती खाता | 0.0200 | हरिबंश तिवारी पिता-स्व0 जय कुमार तिवारी | 1107 | 1102 | 1106 | 1106 |
| 4 | 44 | 1106 | रैयती | रैयती खाता | 0.0400 | श्रीराम पाण्डेय पिता-स्व0 अवधबिकारी पाण्डेय | | | | |
| 5 | 44 | 1106 | रैयती | रैयती खाता | 0.0546 | रामकरेश तिवारी पिता-गुप्तेश्वर तिवारी | | | | |
| 6 | 44 | 1106 | रैयती | रैयती खाता | 0.0546 | अरविन्द तिवारी पिता-स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी | | | | |
| 7 | 44 | 1106 | रैयती | रैयती खाता | 0.0346 | कमख्या तिवारी पिता-स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी | | | | |
| 8 | 44 | 1106 | रैयती | रैयती खाता | 0.0346 | कमेश तिवारी पिता-स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी | | | | |
| 9 | 44 | 1106 | रैयती | रैयती खाता | 0.0346 | पुनम देवी पति-स्व0 श्यामकिशोर तिवारी | | | | |
| 10 | 53 | 1107 | रैयती | रैयती खाता | 0.08533 | जनार्धन तिवारी व नरेश तिवारी व कृष्णा तिवारी पिता-स्व0 आत्मादेव तिवारी व पुनम कुंवर पति-स्व0 निवास तिवारी | 1108 | 1106 | 1107 | 1107 |
| 11 | 53 | 1107 | रैयती | रैयती खाता | 0.08533 | नन्कु तिवारी व जितेन्द्र तिवारी व धर्मेन्द्र तिवारी व सतेन्द्र तिवारी पिता-स्व0 अवधेश तिवारी व लली चौबे पिता-मोहन चौबे | | | | |
| 12 | 53 | 1107 | रैयती | रैयती खाता | 0.08533 | जय प्रकाश तिवारी व रामजोर तिवारी पिता-स्व0 हरिहर तिवारी | | | | |
| 13 | 53 | 1107 | रैयती | रैयती खाता | 0.25601 | शिवनाथ तिवारी व रघुनाथ तिवारी पिता-स्व0 भगवत तिवारी | | | | |
| 14 | 275 | 1108 | रैयती | बकास्त खाता | 0.2600 | रामइजोर चौबे पिता-स्व0 बच्चु चौबे | 1108 | 1107 | 1108 | 1108 |
| 15 | 96 | 1054 | रैयती | रैयती खाता | 0.0985 | मुरारी चौबे वगै0 पिता-स्व0 इश्वर चौबे | 1054 | 1112 | 1054 | 1054 |
| 16 | 96 | 1054 | रैयती | रैयती खाता | 0.0435 | जिरजोधन चौबे पिता-स्व0 परमेश्वर चौबे | | | | |
| 17 | 96 | 1051 | रैयती | रैयती खाता | 0.1610 | सुखदेव चौबे व व्यास चौबे व जय प्रकाश चौबे व दयानन्द चौबे पिता-स्व0 नारद चौबे | 1051 | 1051 | 1035 | 1054 |
| 18 | 96 | 1051 | रैयती | रैयती खाता | 0.0500 | मालती कुंवर पति-स्व0 महेन्द्र चौबे व अरूण चौबे पिता-स्व0 श्रीनाम चौबे | | | | |
| 19 | 110 | 1035 | रैयती | बकास्त खाता | 0.2330 | दुर्योधन चौबे पिता-स्व0 परमेश्वर चौबे | 1050 | 1035 | 1035 | 1051 |
| 20 | 110 | 1035 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0440 | मुखदेव चौबे वगै0 पिता-भोला चौबे | | | | |
| 21 | 148 | 1043 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0120 | शम्भु चौधरी पिता-स्व0 गिरवर चौधरी | 1043 | सड़क | 1044 | 1041 |
| 22 | 148 | 1043 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0120 | नन्दलाल चौधरी पिता-स्व0 गिरवर चौधरी | | | | |
| 23 | 148 | 1043 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0330 | सुकन चौधरी पिता-स्व0 नन्हकु चौधरी | | | | |
| 24 | 148 | 1044 | रैयती | रैयती खाता | 0.0230 | कान्ती देवी पति-रामचन्द्र चौधरी | 1044 | सड़क | 1045 | 1043 |
| 25 | 148 | 1044 | रैयती | रैयती खाता | 0.0260 | अजय चौबे वगै0 पिता-स्व0 विनय चौबे | | | | |
| 26 | 148 | 1044 | रैयती | रैयती खाता | 0.0060 | आशिष चौबे वगै0 पिता-स्व0 भिमा चौबे व चन्द्रशेखर चौबे वगै0 पिता-इन्द्रजीत चौबे व उगेन्द्र चौबे वगै0 पिता-स्व0 गोखुल चौबे | | | | |
| 27 | 100 | 1045 | रैयती | रैयती खाता | 0.0650 | आशिष चौबे वगै0 पिता-स्व0 भिमा चौबे व चन्द्रशेखर चौबे वगै0 पिता-इन्द्रजीत चौबे व उगेन्द्र चौबे वगै0 पिता-स्व0 गोखुल चौबे | 1045 | 1045 | सड़क | 1044 |
| 28 | 110 | 722 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0280 | कमलेश चौबे पिता-स्व0 उमेश्वर चौबे | सड़क | 722 | 721 | 729 |
| 29 | 124 | 721 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0220 | कमलेश चौबे पिता-स्व0 उमेश्वर चौबे | सड़क | 721 | 720 | 722 |
| 30 | 131 | 720 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0030 | कृष्णा चौबे वगै0 पिता-स्व0 वितन चौबे | सड़क | 720 | 719 | 721 |
| 31 | 131 | 719 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0030 | भरत चौबे वगै0 पिता-स्व0 वितन चौबे | सड़क | 719 | 710 | 720 |
| 32 | 96 | 639 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0040 | आशिष चौबे वगै0 पिता-स्व0 भिमा चौबे | 639 | सड़क | 640 | 636 |
| 33 | 110 | 640 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0060 | आशिष चौबे वगै0 पिता-स्व0 भिमा चौबे | 640 | सड़क | 641 | 639 |
| 34 | 136 | 653 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0380 | अजय चौबे वगै0 पिता-स्व0 विनय चौबे | 653 | सड़क | 654 | 641 |
| 35 | 213 | 704 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0500 | राजमनि चौबे वगै0 पिता-स्व0 प्रदुमन चौबे | 704 | सड़क | 703 | सड़क |
| 36 | 131 | 834 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0230 | व्यास चौबे व जय प्रकाश चौबे व सुखदेव चौबे पिता-स्व0 नारद चौबे | सड़क | 834 | 835 | 827 |
| 37 | 102 | 686 | रैयती | रैयती खाता | 0.0220 | दुर्योधन चौबे पिता-स्व0 परमेश्वर चौबे | 686 | सड़क | सड़क | 687 |
| 38 | 102 | 686 | रैयती | रैयती खाता | 0.0140 | अरूण चौबे पिता-स्व0 श्रीनाथ चौबे व मालती कुंवर पति-स्व0 महेन्द्र चौबे | | | | |
| 39 | 102 | 686 | रैयती | रैयती खाता | 0.0350 | मुरारी चौबे वगै0 पिता-स्व0 इश्वर चौबे | | | | |
| 40 | 102 | 686 | रैयती | रैयती खाता | 0.0150 | बसंत चौधरी पिता-स्व0 कन्हाई चौधरी | | | | |
| 41 | 124 | 839 | रैयती | रैयती खाता | 0.0020 | दुर्योधन चौबे पिता-स्व0 परमेश्वर चौबे | 840 | 840 | 839 | 839 |
| 42 | 124 | 840 | रैयती | रैयती खाता | 0.0350 | दुर्योधन चौबे पिता-स्व0 परमेश्वर चौबे | 840 | 840 | 840 | 1163 |
| 43 | 339 | 906 | रैयती | रैयती खाता | 0.0190 | नन्द गोपाल तिवारी पिता-स्व0 तपेश्वर तिवारी कृष्ण कुमार तिवारी व विजय कुमार तिवारी पिता-स्व0 राजेन्द्र तिवारी व मनिष तिवारी वगै0 पिता-स्व0 अरुण तिवारी | सड़क | 906 | सिमाना | 915 |
| 44 | 298 | 904 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0190 | ब्रजेश चौबे व संतोष चौबे व शिशिर चौबे व हेमन्त चौबे पिता-स्व0 लखपति चौबे | 904 | सड़क | सड़क | 885 |
| 45 | 99 | 915 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0160 | सावित्री देवी पति-ब्रजेश चौबे व आशा देवी पति-शिशिर चौबे व सुजान्ती देवी पति-हेमन्त चौबे | सड़क | 915 | 906 | 916 |
| 46 | 81 | 916 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0170 | सावित्री देवी पति-ब्रजेश चौबे व आशा देवी पति-शिशिर चौबे व सुजान्ती देवी पति-हेमन्त चौबे | सड़क | 916 | 915 | 917 |
| 47 | 83 | 917 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0070 | सावित्री देवी पति-ब्रजेश चौबे | सड़क | 917 | 916 | 918 |
| 48 | 86 | 918 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0100 | राम लखन चौबे पिता-स्व0 विश्वनाथ चौबे | सड़क | 918 | 917 | 919 |
| 49 | 83 | 883 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0150 | राम लखन चौबे पिता-स्व0 विश्वनाथ चौबे | 883 | सड़क | 884 | 882 |
| 50 | 124 | 919 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0120 | बबिता देवी पति-स्व0 विजय चौबे व गौरी चौबे पिता-स्व0 महबली चौबे व अरूण चौबे पिता-स्व0 श्रीनाथ चौबे व मालती कुंवर पति-स्व0 महेन्द्र चौबे | सड़क | 919 | 918 | 920 |
| 51 | 124 | 880 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0050 | बबिता देवी पति-स्व0 विजय चौबे व गौरी चौबे पिता-स्व0 महबली चौबे | 880 | सड़क | 884 | 879 |
| 52 | 124 | 880 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0220 | अरूण चौबे पिता-स्व0 श्रीनाथ चौबे व मालती कुंवर पति-स्व0 महेन्द्र चौबे | | | | |
| 53 | 124 | 880 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0160 | दुर्योधन चौबे पिता-स्व0 परमेश्वर चौबे | | | | |
| 54 | 119 | 920 | रैयती | रैयती खाता | 0.0120 | जनार्धन चौबे व विकास चौबे पिता-परिक्षित चौबे | सड़क | 920 | 919 | 923 |
| 55 | 81 | 923 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0100 | जनार्धन चौबे व विकास चौबे पिता-परिक्षित चौबे | सड़क | 923 | 920 | 927 |
| 56 | 81 | 923 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0085 | जयकान्त चौबे पिता-स्व0 लक्ष्मी चौबे | | | | |
| 57 | 81 | 923 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0085 | बलराज चौबे पिता-स्व0 असर्फी चौबे | | | | |
| 58 | 81 | 923 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0090 | आनन्द किशोर चौबे पिता-स्व0 श्रवण चौबे | | | | |
| 59 | 154 | 853 | रैयती | रैयती खाता | 0.0130 | सुमंत चौबे पिता-स्व0 विश्वनाथ चौबे | 853 | सड़क | 854 | 852 |
| 60 | 154 | 853 | रैयती | रैयती खाता | 0.0050 | सुधीर चौबे पिता-स्व0 विश्वनाथ चौबे | | | | |
| 61 | 154 | 852 | रैयती | रैयती खाता | 0.0060 | सुधीर चौबे पिता-स्व0 विश्वनाथ चौबे | 852 | सड़क | 853 | 851 |
| 62 | 321 | 931 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0140 | बुद्धिनारायण दुबे पिता-स्व0 दानी दुबे | सड़क | 931 | 928 | 932 |
| 63 | 322 | 932 | रैयती | रैयती खाता | 0.0200 | बुद्धिनारायण दुबे पिता-स्व0 दानी दुबे | सड़क | 932 | 931 | 933 |
| 64 | 321 | 933 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0080 | बुद्धिनारायण दुबे पिता-स्व0 दानी दुबे | सड़क | 933 | 932 | 934 |
| 65 | 124 | 838 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0400 | मालती कुंवर पति-स्व0 महेन्द्र चौबे व अरूण चौबे पिता-स्व0 श्रीनाम चौबे | सड़क | 838 | सड़क | 838 |
| 66 | 124 | 838 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0175 | दुर्योधन चौबे पिता-स्व0 परमेश्वर चौबे | | | | |
| 67 | 110 | 845 | रैयती | बकास्त खाता | 0.0300 | अयोध्या चौबे पिता-स्व0 जिबोधन चौबे | 842 | सड़क | 845 | सड़क |
| 68 | 110 | 835 | रैयती | रैयती खाता | 0.0790 | संतोष चौबे पिता-स्व0 सच्चिदानन्द चौबे | सड़क | 835 | 1163 | 834 |
| 69 | 339 | 842 | रैयती | रैयती खाता | 0.0400 | कामेश्वर चौबे वगै0 पिता-भोला चौबे व सुखेदव चौबे वगै0 पिता-नारद चौबे व देवेन्द्र चौबे वगै0 पिता-विरभद्र चौबे | 842 | 845 | 842 | 842 |
| 70 | 110 | 827 | रैयती | रैयती खाता | 0.0200 | संतोष चौबे पिता-स्व0 सच्चिदानन्द चौबे | 883 | सड़क | 884 | 882 |
| | | | | कुल :- | 3.0335 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :- शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :- ग्राम-मध्या, थाना नं0-333, थाना-गढ़वा, अंचल-गढ़वा, जिला-गढ़वा, क्षेत्रफल- 0, एकड़- 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :- शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 310067 (Land Reforms) 23-24 (D)

# जीत का सिक्सर लगाने उतरेगी भारतीय टीम





**एजेंसी**

**लखनऊ।** आइसीसी विश्व कप में अब तक अजेय भारतीय टीम रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ जीत का छक्का लगाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी वहीं गत विजेता को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए इस मैच को हर हाल में जीतना होगा। 2019 के चैंपियन इंग्लैंड के लिए मौजूदा विश्व कप का सफर अब तक बेहद निराशाजनक रहा है, ऐसे में इंग्लैंड की कोशिश भारत के खिलाफ जीत हासिल कर खोए आत्मविश्वास को वापस पाने की होगी, हालांकि इसके लिए उन्हे कप्तान रोहित शर्मा और शानदार फार्म में चल रहे विराट कोहली पर काबू पाना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ विराट का प्रदर्शन अब तक औसत रहा है मगर बदले हालात में विराट को रोकना गोरे गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। वहीं विराट इस मैच में शतक लगाकर अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर सकते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम की पिच अब तक बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हुई है, ऐसे में यहां रनो का अंबार लगने की पूरी संभावना है। पिछले मुकाबले में भारत की जीत में अहम भूमिका अदा करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकाड रखने वाले रविचंद्रन अश्विन के अंतिम एकादश में शामिल किये जाने पर भी खेल प्रेमियों की नजर रहेगी।

इसके अलावा लोकल ब्वाय कुलदीप यादव घरेलू दर्शकों की मौजूदगी में भारत के लिये तुरूप का इक्का साबित हो सकते हैं। सिक्सर किंग रोहित शर्मा विश्वकप में विरोधी टीमों के लिये सिरदर्द साबित हुए हैं। आक्रामक बल्लेबाजी कर गेंदबाजों पर दवाब बनाने की उनकी रणनीति अब तक कमाल की रही है जिसके चलते मध्यक्रम के बल्लेबाजों को बेखौफ होकर खेलने का मौका मिल रहा है हालांकि इस विश्व कप में भारतीय मध्य क्रम की असली परीक्षा होनी अभी बाकी है। रोहित एंड कंपनी को अच्छी तरह पता है कि लगातार हार के बावजूद इंग्लैंड कभी भी वापसी कर सकता है, इसलिए वह इसे हल्के में लेने की भूल नहीं करेंगे। इंग्लैंड का प्रदर्शन उनके बल्लेबाज रूट की बल्लेबाजी पर कुछ हद तक निर्भर करेगा। भारतीय उपमहाद्वीप की धीमी पिचों पर इस अंग्रेज बल्लेबाज का रिकार्ड अहम रहा है। इकाना स्टेडियम की बात करें तो यहां लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम की सफलता का प्रतिशत कहीं ज्यादा है, ऐसे में अब तक रन चेज करने में सफल रही भारतीय टीम अगर टॉस जीतती है तो उसका चयन एक बार फिर पहले क्षेत्ररक्षण का होगा। वैसे भी शाम के समय इस मैदान पर ओस की भूमिका अहम रहने वाली है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत :** रोहित शर्मा, शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड :** जॉनी बेयरस्टो, डेविड मालन, जो रूट, बेन स्टोक्स, हैरी ब्रुक, जोस बटलर , मोइन अली, क्रिस वोक्स, डेविड विली, आदिल राशिद, मार्क वुड।

## ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत, न्यूजीलैंड को 5 रन से हराया



मैन ऑफ द मैच
ट्रेविस हेड

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप में पहली बार लगातार तीन वनडे में 350+ स्कोर बनाते हुए न्यूजीलैंड को पांच रन से रोमांचक मात दी और टूनार्मेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की। 389 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम को आखिरी ओवर में 19 तो आखिरी बॉल पर छह रन की दरकार थी, लेकिन नए बल्लेबाज लॉकी फर्ग्यूसन करिश्मा नहीं कर सके। 49.5 ओवर में जिमी निशाम का रन आउट होना मैच का टर्निंग पॉइंट रहा, जिन्होंने 48 गेंद में 58 रन बनाकर कंगारुओं के जबड़े से जीत लगभग छीन ही ली थी। नीशाम से पहले भारतीय मूल के रचिन रविंद्र ने टूनार्मेंट में अपना दूसरा शतक जरूर लगाया, लेकिन टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बार फिर स्पिनर एडम जम्पा ने चमत्कारिक गेंदबाजी करते हुए तीन बेशकीमती विकेट झटके।

### बेकार गया रचिन का शतक

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वाधिक स्कोर (388) बनाया बाद में उसके गेंदबाजों ने कीवियों को 383 रन रोक दिया। लक्ष्य के जवाब में न्यूजीलैंड की शुरूआत तो अच्छी रही, लेकिन टीम लगातार अंतराल में विकेट गंवाती गई। एक छोर पर खड़े रचिन रविंद्र ने 77 गेंदों में शतक पूरा किया। टूनार्मेंट में यह उनका दूसरा शतक था। अर्धशतक बनाने वाले डेरिल मिचेल के साथ उनकी बढ़िया पार्टनरशिप चल रही थी, लेकिन बड़ी हिट लगाने के चक्कर में सारे बल्लेबाज आउट होते चले गए। अंतिम ओवर्स में जेम्स नीशाम ने ऑस्ट्रेलिया को टेंशन जरूर दिया।

### डेब्यू वर्ल्ड कप मैच में हेड का शतक

हाथ की अंगुली में फ्रेक्चर के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहे ट्रेविस हेड ने वर्ल्ड कप का अपना पहला मैच खेलते हुए शानदार शतक जड़ा। 59 गेंद में सेंचुरी मारने वाले हेड ने 67 गेंद की अपनी 109 रन की पारी में 10 चौके और सात छक्के जड़े। शानदार लय में चल रहे ओपनर वॉर्नर ने 65 गेंद में 81 रन की तेजतर्रार पारी खेली। वॉर्नर ने इस दौरान पांच चौके और छह छक्के लगाए। दोनों के बीच 117 गेंद में 175 रन की साझेदारी के बाद न्यूजीलैंड की टीम मैच में वापसी करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया ने 74 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। ग्लेन मैक्सवेल (24 गेंद में 41), जोश इंग्लिस (28 गेंद में 38) और पैट कमिंस (14 गेंद में 37 रन) ने तेज बल्लेबाजी कर टीम के स्कोर को 350 के पार पहुंचाया।

### आइसीसी चेयरमैन ने भी उठाया मैच का लुत्फ



**धर्मशाला।** धर्मशाला में आइसीसी विश्व कप के शनिवार को खेले गए ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड मैच को देखने के लिए कई बड़ी हस्तियां धर्मशाला स्टेडियम में मौजूद रहीं। धर्मशाला को मिले पांच मैचों में से आज यह आखिरी मैच था जिसे देखने के लिए आइसीसी के चेयरमैन ग्रेग बारक्ले भी यहां पंहुचे हुए थे। इसके साथ ही हिमाचल के डीजीपी संजय कुंडू ने भी स्टेडियम पंहुचकर मैच का लुत्फ लिया। आइसीसी चेयरमैन ने आइपीएल अरूण धूमल और ऑस्ट्रेलियाई दूतावास के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन के साथ बैठकर आइसीसी चेयरमैन ने मैच का मजा लिया। इस दौरान आइसीसी चेयरमैन ने भी क्रिकेट स्टेडियम की खुबसूरती की खूब तारीफ की।

## भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने 111 पदक जीतकर इतिहास रचा

**एजेंसी**

**हांगझोउ।** भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने शनिवार को इतिहास रचकर हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में अपने अभियान का अंत 111 पदक जीतकर किया जो किसी भी बड़े अंतरराष्ट्रीय बहु खेल टूनार्मेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य जीते। इससे पहले 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदक जीते थे। भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा। चीन ने 521 पदक (214 स्वर्ण, 167 रजत और 140 कांस्य) जीते जबकि ईरान ने 44 स्वर्ण, 46 रजत और 41 कांस्य अपने नाम किए। जापान तीसरे और कोरिया चौथे स्थान पर रहा। पहले पैरा एशियाई खेल 2010 में ग्वांग्झू में हुए थे जिसमें भारत 14 पदक जीतकर 15वें स्थान पर रहा था। इसके बाद 2014 में भारत 15वें और 2018 में नौवे स्थान पर रहा। भारत ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 100 से अधिक (101) पदक जीते थे। भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा, हमने इतिहास रच दिया। हमारे पैरा एथलीटों ने देश को गौरवान्वित किया है। अब पेरिस पैरालम्पिक में तोक्यो से अधिक पदक जीतेंगे।' उन्होंने कहा, हम इस प्रदर्शन से हैरान नहीं है। हमें 110 से 115 के बीच पदक मिलने की उम्मीद थी और 111 शुभ आंकड़ा है।' भारतीय खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 55 पदक एथलेटिक्स में पाये जबकि बैडमिंटन खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत 21 पदक जीते। शतरंज में आठ और तीरंदाजी में सात पदक मिले जबकि निशानेबाजों ने छह पदक जीते। आखिरी दिन शनिवार को भारत ने चार स्वर्ण समेत 12 पदक जीते। इनमें से सात पदक शतरंज में, चार एथलेटिक्स में और एक नौकायन में मिला। पुरूषों की भालाफेंक एफ55 स्पर्धा में नीरज यादव ने 33.69 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। टेक चंद को कांस्य पदक मिला। पुरूषों की 400 मीटर टी47 दौड़ में दिलीप महादु गावियोत को स्वर्ण पदक मिला। वहीं महिलाओं की 1500 मीटर टी20 दौड़ में पूजा ने कांस्य पदक हासिल किया। शतरंज में पुरूषों के व्यक्तिगत रैपिड वी1बी1 वर्ग में सतीश दर्पण ने स्वर्ण, प्रधान कुमार सौंदर्या ने रजत और अश्विनभाई मकवाना ने कांस्य पदक जीता। तीनों ने टीम वर्ग का स्वर्ण भी भारत की झोली में डाला। किशन गंगोली ने पुरूषों की व्यक्तिगत रैपिड वी1 बी2 बी3 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। गंगोली, सोमेंद्र ओर आर्यन जोशी ने टीम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। महिला रैपिड वर्ग में वृत्ति जैन, हिमांशी राठी और संस्कृति मोरे को कांस्य पदक मिला। नौकायन में पीआर3 मिश्रित डबल स्कल में अनिता और के नारायणा ने रजत पदक जीता।

## नीदरलैंड्स का धमाल, साउथ अफ्रीका के बाद बांग्लादेश को भी हराया, वर्ल्ड कप में दूसरी जीत

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कमजोर समझी जा रही नीदरलैंड्स टीम ने अपने से मजबूत बांग्लादेश को 87 रन से हराते हुए वर्ल्ड कप 2023 की दूसरी जीत दर्ज कर ली है। ऐतिहासिक ईडन गार्डंस स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान कॉलिन एडवड्र्स के धैर्यपूर्ण अर्धशतक की मदद से डच टीम ने 229 रन बनाए। इसके बाद शानदार गेंदबाजी और जबरदस्त फील्डिंग के बूते बांग्ला टाइगर्स को 42.2 ओवर में 142 रन पर ही समेट दिया। बांग्लादेश की यह लगातार पांचवीं हार है। उसके छह मैच में दो अंक हैं और वह सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। नीदरलैंड्स के छह मैच में दूसरी जीत से चार अंक हो गए हैं और उसने अपनी उम्मीद कायम रखी है। इससे पहले क्वालीफाइंग में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। वर्ल्ड कप इतिहास में ये नीदरलैंड्स की कुल पांचवीं तो मौजूदा टूनार्मेंट में दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने साउथ अफ्रीका को हराया था।

### बांग्लादेश नॉकआउट की रेस से बाहर

स्टेडियम में भरपूर सपोर्ट के बावजूद बांग्ला बल्लेबाज अपने नाम के अनुरुप नहीं खेल पाए। ऑरेंज आर्मी के लिए पॉल वॉन मीकरन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट लिए। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 35 रन मेहदी हसन मिराज के बल्ले से निकले। बांग्लादेश के छह बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें मेहदी हसन मिराज ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज लिटन दास (03) और तंजीद हसन (15) के विकेट लगातार ओवरों में गंवाए। इससे छठे ओवर तक बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया। पॉल वॉन मीकरन ने नजमुल हसन शंटो (09), कप्तान शाकिब अल हसन (07) और अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम (01) को आउट करके बांग्लादेश के मध्यक्रम की बखिया उधेड़ दी। बास डी लीड (25 रन दे कर दो) ने इस बीच मिराज को एडवड्र्स के हाथों कैच कराकर उनके आक्रामक तेवरों को खत्म किया। महमूदुल्लाह (20) और मेहदी हसन (17) ने इसके बाद 12 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया।



### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 06 | 05 | 01 | 10 | +2.032 |
| भारत | 05 | 05 | 00 | 10 | +1.353 |
| न्यूजीलैंड | 06 | 04 | 02 | 08 | +1.232 |
| ऑस्ट्रेलिया | 06 | 04 | 02 | 08 | +0.970 |
| श्रीलंका | 05 | 02 | 03 | 04 | -0.205 |
| पाकिस्तान | 06 | 02 | 04 | 04 | -0.387 |
| आफगनिस्तान | 05 | 02 | 03 | 04 | -0.969 |
| नीदरलैंड्स | 06 | 02 | 04 | 04 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 06 | 01 | 05 | 02 | -1.338 |
| इंग्लैंड | 05 | 01 | 04 | 02 | -1.634 |

## मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

**चांगवोन।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने चांगवोन में एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहते हुए भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। टोक्यो ओलंपियन भाकर ने 591 के स्कोर के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन मेडल राउंड में केवल 24 अंक हासिल कर सकीं, और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के लियू रुई (37), ईरान के रोस्तमियान हनियेह (36), चीन के झाओ नान (32) और फेंग सिक्सुआन (27) से पीछे रह गईं। एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप 2023, पेरिस में होने वाले ओलंपिक 2024 के लिए एक क्वालीफाइंग इवेंट है। इसमें 24 ओलंपिक कोटा उपलब्ध हैं, जिसमें 12 ओलंपिक शूटिंग स्पधाओं में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ दो फिनिशर (प्रत्येक देश से एक) को उनकी राष्ट्रीय टीमों के लिए स्थान मिलता है।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम घोषित की, मैथ्यू वेड करेंगे कप्तानी

**मेलबर्न।** विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड मौजूदा आइसीसी विश्व कप के समापन के बाद भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शनिवार को सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। पांच मैचों की टी20 सीरीज 23 नवंबर को विशाखापत्तनम में शुरु होगी, जिसमें वेड ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगे, टीम में डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। भारत के खिलाफ टी20 सीरीज 23, 26, 28 नवंबर और 1 और 3 दिसंबर को खेली जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक बयान में कहा गया है कि नियमित कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर मार्श और कैमरून ग्रीन मौजूदा आईसीसी क्रिकेट विश्व कप कार्यक्रम के समापन पर स्वदेश रवाना होंगे, साथी टेस्ट स्टार डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, और ट्रैविस हेड टी20 के लिए भारत में रहेंगे।

## वंदे भारत एक्सप्रेस के ब्रांड एंबेसेडर बनेंगे दुनिया के लीजेंड्स क्रिकेटर

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे की स्वदेशी तकनीक से बनी आधुनिकतम ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस ने दुनिया भर के क्रिकेटरों को आकर्षित किया है और लीजेंड्स कप ट्राफी टूनार्मेंट के प्रचार के लिए ये क्रिकेटर अब वंदे भारत एक्सप्रेस के भी ब्रांड एम्बेसेडर बन कर इसी ट्रेन से 16 शहरों में जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार एक नवंबर से ये क्रिकेटर लीजेंड कप ट्राफी के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में दिल्ली से ऊना, ऊना से अंबाला, अंबाला से जम्मू, जम्मू से दिल्ली होकर आगरा, आगरा से दिल्ली होकर देहरादून, देहरादून से दिल्ली होकर वाराणसी जाएंगे। इसके बाद मुंबई से गोवा, वापस मुंबई आकर सूरत, चेन्नई से विजयवाड़ा होकर विशाखापट्टनम, विशाखापट्टनम से सिकंदराबाद तथा हावड़ा से रांची की यात्राएं करेंगे।

## भारतीय महिला हॉकी टीम में बतौर मेंटल कंडीशनिंग कोच शामिल हुए पीटर हार्बरल

**रांची।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय महिला हॉकी टीम के मेंटल कंडीशनिंग कोच के रूप में पीटर हार्बरल का आधिकारिक तौर पर स्वागत किया। हार्बरल के भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल होने को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया परिवार में पीटर हार्बरल का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। वह पूरी तरह से पेशेवर है और उसकी अत्यधिक अनुशंसा की जाती है। हमने भारतीय महिला हॉकी टीम को बिना किसी हिचकिचाहट के बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उनकी सेवाएं हासिल की हैं और मुझे यकीन है कि इस कदम से भविष्य में टीम को काफी मदद मिलेगी। हार्बरल आगामी टूनार्मेंटों में टीम के साथ मिलकर काम करेंगे, जिसमें इस साल के अंत में रांची में होने वाला बहुप्रतीक्षित पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर भी शामिल है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मानसिक प्रशिक्षक की सेवाएं प्रदान किए जाने के बाद, हम हॉकी इंडिया में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए भी समान विशेषज्ञता वाले किसी व्यक्ति की तलाश कर रहे थे और हार्बरल इसमें बिल्कुल फिट बैठते हैं। उनके पास आवश्यक उपकरण हैं जो खिलाड़ियों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने और टीम को दुनिया की शीर्ष टीमों में शामिल करने में मदद करने के लिए जेनेके शॉपमैन की सहायता कर सकते हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ काम करने के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए, हार्बरल ने कहा, मैं शुरूआत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता! भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले कुछ वर्षों में आगे बढ़ रही है और टीम को स्टारडम की ओर अंतिम कदम उठाने में मदद करने के लिए लाया जाना कम से कम एक रोमांचक प्रस्ताव है।

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023

# जापान ने कोरिया को 4-0 से हराया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे दिन का पहला मुकाबला जापान और कोरिया के बीच खेला गया। लीग चरण के इस मुकाबले में कोरिया को 4-0 से रौंदा। मैच के 7वें मिनट में जापान की कोबायसी एमी ने पहला गोल दाग कर 1-0 से बढ़त बना ली। 15वें मिनट में जापान ने दूसरा गोल किया। इस फील्ड गोल को जापान की कप्तान नागाई यूरी ने दागा। मैच के 19वें मिनट में जापान की हासेगावा मियू ने तीसरा गोल दाग 3-0 से कोरिया पर बढ़त बना ली। फर्स्ट हाफ तक जापान ने कोरिया पर 3-0 से बढ़त बनाये रखा। मैच के 49वें मिनट में जापान की टोरियामा मै, ने चौथा गोल दाग स्कोर 4-0 पर कर दिया। दो बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी विजेता जापान का मुकाबला तीन बार की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी विजेता कोरिया से हुई। दोनों टीम अपने जीत का लय बराकरार रखने के लिए उतरी जरूर थी। लेकिन शनिवार का दिन जापान का था। जापान ने कोरिया को इस लीग मैच में 4-0 से मात दे दिया। इस मुकाबले में जापान को 5 पेनाल्टी शूटआउट मिला और कोरिया को 3 जापान ने अब तक दो मुकाबले खेले जिसमें दोनों मुकाबले में जीत दर्ज की है। जबकि कोरिया ने दो मुकाबला खेला है जिसमें एक में जीत दर्ज की है।

## चीन ने थाईलैंड को 6- 0 से हराया, थाईलैंड की लगातार दूसरी हार





**रांची।** एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन चीन ने कोरिया को हराकर टूनार्मेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। चीन के खिलाड़ियों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागे, पूरे मैच के दौरान चीन की टीम थाईलैंड पर हावी रही। थाईलैंड की लगातार यह दूसरी हार है। इससे पहले भारत ने भी थाईलैंड को 7-1 से हराया था। लीग चरण के दूसरा मुकाबला थाईलैंड और चाइना के बीच खेला गया। चाइना और थाईलैंड दोनों टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरी लेकिन इस मुकाबले को चाइना ने जीत लिया। मैच के फर्स्ट हाफ में चाइना ने आक्रामक खेल दिखाते हुए, पहले क्वाटर के 10वें मिनट में पहला मैदानी गोल दागा, यह गोल जहोंग जियाकी ने किया। दूसरा गोल 30वें मिनट में मा निंग ने पेनाल्टी कॉर्नर से किया और चाइना का 2-0 से बढ़त बनायी। तीसरा गोल मैच के 42वें मिनट में जोइंग जियाकी ने पेनाल्टी शूटआउट में किया। चौथा गोल 50वें मिनट में कप्तान ओऊ जिक्सिया ने दागा और चाइना को 4-0 की मजबूत स्थिति में ला खड़ा कर दिया। 51वें मिनट में जोइंग जियाकी ने पांचवा गोल किया, 57वें मिनट में चाइना ने फिर गोल दागा इस गोल को चेन ई ने किया। और टीम को एक बड़ी जीत दिलाई। इस मुकाबले को चाइना ने 6-0 से जीत लिया। चाइना ने अब तक दो मुकाबले खेले, एक मे हार और एक में जीत दर्ज की है। जबकि थाईलैंड ने दो मुकाबले खेले हैं और दोनो मैच हारे हैं।

